Drishti IAS Presents...



# PT SPRINT 2024

## सरकारी पहल तथा योजनाएँ

(मार्च 2023 – मार्च 2024)

MCQs

## Multiple Choice Questions and Answers


Drishti IAS, 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

Drishti IAS, 21 Pusa Road, Karol Bagh New Delhi - 05

Drishti IAS, Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Drishti IAS, Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

**e-mail:** englishsupport@groupdrishti.com, **Website:** www.drishtiias.com

**Contact: Inquiry (English):** 8010440440, **Inquiry (Hindi):** 8750187501

# प्रश्न और उत्तर

1. **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इसे 2016 में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया था।
   2. यह बीपीएल परिवारों को प्रत्येक एलपीजी कनेक्शन के लिये 1600 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
   3. इसका उद्देश्य भारत में अशुद्ध खाना पकाने वाले ईंधन के कारण होने वाली मौतों की संख्या को कम करना है जो अधिक ब्लैक कार्बन उत्सर्जित करता है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2016 में **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MoPNG)** द्वारा ऐसे ग्रामीण तथा वंचित परिवारों, जोकि ईंधन के रूप में जलावन लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले आदि जैसे पारंपरिक खाना पकाने के ईंधन का उपयोग कर रहे थे, के लिये LPG जैसे स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक प्रमुख योजना के रूप में **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY)** की शुरुआत की गई। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - भोजन पकाने के पारंपरिक ईंधन के प्रयोग से पार्टिकुलेट मैटर और ब्लैक कार्बन के भारी उत्सर्जन के कारण ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण पर हानिकारक प्रभाव पड़ा।
- इसका उद्धेश्य अधिक **ब्लैक कार्बन उत्सर्जित** करने वाले भोजन पकाने के इस अ**शुद्ध ईंधन के कारण भारत में होने वाली मौतों की संख्या को कम करना। अतः कथन 3 सही है।**
  - LPG कनेक्शन के साथ बुनियादी ढाँचा स्थापित करना, जिसमें मानार्थ गैस स्टोव, LPG सिलेंडर के लिये जमा राशि प्रदान करना और वितरण नेटवर्क स्थापित करना शामिल है।
- यह योजना BPL परिवारों को **प्रत्येक LPG कनेक्शन के लिये 1600 रुपए** की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

2. **फार्मास्युटिकल्स प्रौद्योगिकी उन्नयन सहायता योजना (Pharmaceuticals Technology Upgradation Assistance Scheme - PTUAS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इसे वर्ष 2022 में लॉन्च किया गया था जो दवा कंपनियों को वैश्विक मानकों को पूरा करने वाली दवाओं का उत्पादन करने के लिये अपनी सुविधाओं को उन्नत करने में मदद करता है।
   2. इस योजना के तहत पात्र ऋण घटक के लिये अधिकतम 9% प्रति वर्ष (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के स्वामित्व तथा प्रबंधित इकाइयों के लिये 10%) तक की ब्याज छूट उपलब्ध है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- PTUAS दवा कंपनियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप दवाओं के उत्पादन के लिये अपनी सुविधाओं को उन्नत करने में मदद करता है। इसे जुलाई 2022 में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- योजना के तहत पात्र ऋण घटक के लिये अधिकतम 5% प्रति वर्ष (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के स्वामित्व तथा प्रबंधन वाली इकाइयों के लिये 6%) ब्याज छूट दी जाती है, जो अधिकतम 10 करोड़ रुपए तक सीमित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह सब्सिडी सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों/वित्तीय संस्थानों** द्वारा स्वीकृत ऋणों के लिये कम शेष राशि पर अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के लिये लागू है।

3. **फार्मास्युटिकल्स प्रौद्योगिकी उन्नयन सहायता योजना (Pharmaceuticals Technology Upgradation Assistance Scheme - PTUAS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इसे वर्ष 2022 में लॉन्च किया गया था जो दवा कंपनियों को वैश्विक मानकों को पूरा करने वाली दवाओं का उत्पादन करने के लिये अपनी सुविधाओं को उन्नत करने में मदद करता है।

2. इस योजना के तहत पात्र ऋण घटक के लिये अधिकतम 9% प्रति वर्ष (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के स्वामित्व तथा प्रबंधित इकाइयों के लिये 10%) तक की ब्याज छूट उपलब्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- PTUAS दवा कंपनियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप दवाओं के उत्पादन के लिये अपनी सुविधाओं को उन्नत करने में मदद करता है। इसे जुलाई 2022 में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- योजना के तहत पात्र ऋण घटक के लिये अधिकतम 5% प्रति वर्ष (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के स्वामित्व तथा प्रबंधन वाली इकाइयों के लिये 6%) ब्याज छूट दी जाती है, जो अधिकतम 10 करोड़ रुपए तक सीमित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह सब्सिडी सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों/वित्तीय संस्थानों** द्वारा स्वीकृत ऋणों के लिये कम शेष राशि पर अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के लिये लागू है।

**4. कृषि सखी अभिसरण कार्यक्रम (KSCP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के बीच कृषि सखी के सशक्तीकरण हेतु एक समझौता ज्ञापन के साथ कृषि सखी अनुकूलन/अभिसरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई।
2. कार्यक्रम में 70,000 कृषि सखियों को "पैरा-एक्सटेंशन वर्कर्स" के रूप में प्रामाणित करने हेतु कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल है।
3. कृषि सखियाँ किसानों और प्रशिक्षित पैरा-एक्सटेंशन वर्कर्स का अभ्यास कर रही हैं। वे किसान-मित्रों के रूप में काम करती हैं तथा प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में उनका मार्गदर्शन करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कृषि सखी अभिसरण कार्यक्रम (KSCP):**

- कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के बीच **कृषि सखी के सशस्क्तीकरण** हेतु एक समझौता ज्ञापन के साथ कृषि सखी अनुकूलन/अभिसरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। **अतः कथन 1 सही है।**
- कार्यक्रम में 70,000 कृषि सखियों को **"पैरा-एक्सटेंशन वर्कर्स"** के रूप में प्रमाणित करने हेतु कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कृषि सखियाँ किसानों और प्रशिक्षित पैरा-एक्सटेंशन वर्कर्स का अभ्यास कर रही हैं। वे किसान-मित्रों के रूप में काम करती हैं तथा **प्राकृतिक खेती** और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में उनका मार्गदर्शन करती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**5. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2015 में रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने ग्रामीण तथा वंचित परिवारों को LPG जैसा स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन प्रदान करने के लिये PMUY की शुरुआत की।
2. उज्ज्वला 2.0 (PMUY का चरण-2) के तहत प्रवासी परिवारों के लिये पते के प्रमाण (PoA) और राशन कार्ड (RC) के स्थान पर स्व-घोषणा का उपयोग करके नए कनेक्शन का लाभ उठाने के लिये एक विशेष प्रावधान किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मई, 2016 में **पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय** ने ग्रामीण तथा वंचित परिवारों को **LPG जैसा स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन उपलब्ध कराने** के लिये **'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' (PMUY)** की शुरुआत की। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसका उद्देश्य लकड़ी एवं कोयले जैसे पारंपरिक खाना पकाने के ईंधन को प्रतिस्थापित करना था, जिसका ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य और साथ ही पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता था।

- **उज्ज्वला 2.0** (PMUY का चरण-2) के तहत **प्रवासी परिवारों के लिये पते के प्रमाण (PoA) और राशन कार्ड (RC) के स्थान पर स्व-घोषणा का उपयोग करके नए कनेक्शन का लाभ उठाने के लिये एक विशेष प्रावधान** किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

6. **'डाक कर्मयोगी परियोजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह ग्रामीण डाक सेवकों और डाक विभाग के कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के लिये एक ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म है।
   2. इस पोर्टल को मिशन कर्मयोगी के दृष्टिकोण के तहत 'संस्थान में' विकसित किया गया है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डाक कर्मयोगी परियोजना:**

- यह ग्रामीण डाक सेवकों और डाक विभाग के कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के लिये एक ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **मेघदूत पुरस्कार** भारतीय डाक द्वारा डाक विभाग में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को दिया जाने वाला एक राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है।
- उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देने और डाक कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिये वर्ष 1984 में पुरस्कार शुरू किये गए थे।
- इस पोर्टल को मिशन कर्मयोगी की परिकल्पना के तहत 'संस्थान में' (In-House) विकसित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

7. **नेशनल मिशन ऑन सस्टेनिंग हिमालयन ईकोसिस्टम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इसे वर्ष 2010 में शुरु किया गया था परंतु सरकार द्वारा औपचारिक रूप से वर्ष 2014 में इसे अनुमोदित किया गया था।
   2. इसमें केवल ग्यारह राज्य शामिल हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम, त्रिपुरा, मेघालय, असम और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**नेशनल मिशन ऑन सस्टेनिंग हिमालयन ईकोसिस्टम (2010):**

- NMSHE कार्यक्रम को वर्ष 2010 में शुरु किया गया था परंतु सरकार द्वारा औपचारिक रूप से वर्ष 2014 में इसे अनुमोदित किया गया था। **अत:, कथन 1 सही है।**
- यह विभिन्न क्षेत्रों में एक बहु-आयामी, क्रॉस-कटिंग मिशन है।
- यह जलवायु परिवर्तन के बेहतर प्रबंधन द्वारा देश के सतत विकास में योगदान देता है, जो इसके संभावित प्रभावों और हिमालय के उन क्षेत्रों, जिन पर भारत की आबादी का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात जीविका के लिये निर्भर है, को आवश्यक अनुकूल दशाएँ प्रदान करता है।
- **राज्य विस्तार :**
  - **ग्यारह राज्य:** हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम, त्रिपुरा, मेघालय, असम और पश्चिम बंगाल।
  - **दो केंद्रशासित प्रदेश:** जम्मू- कश्मीर और लद्दाख।
- अत: कथन 2 सही नहीं है।

8. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. GROW पोर्टल को भुवन प्लेटफॉर्म पर शुरू किया गया है, जो कृषि-वानिकी उपयुक्तता से संबंधित राज्य और ज़िला-स्तरीय डेटा तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करता है।
   2. पोर्टल रिमोट सेंसिंग एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली तकनीक से प्राप्त विषयगत डेटासेट का उपयोग करता है।
   3. GROW रिपोर्ट का लक्ष्य वर्ष 2030 तक मृदा अपरदन निष्प्रभावीकरण की राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को प्राप्त करने के लिये पुनर्नवीकरण परियोजनाओं को सुविधाजनक बनाना है।

   उपर्युक्त कथनों में से कितने सही **नहीं** है/हैं ?
   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ग्रो पोर्टल को **भुवन प्लेटफॉर्म** पर शुरू किया गया है, जो **कृषि-वानिकी** उपयुक्तता से संबंधित राज्य और ज़िला-स्तरीय डेटा तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पोर्टल **रिमोट सेंसिंग** एवं **भौगोलिक सूचना प्रणाली** तकनीक से प्राप्त विषयगत डेटासेट का उपयोग करता है, जो कृषि वानिकी उपयुक्तता को प्रभावित करने वाले कारकों पर व्यापक जानकारी प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

- **GROW रिपोर्ट का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर (परती) भूमि को दोबारा से विकसित करना और 2.5 से 3 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड** के बराबर अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाना है। **अत: कथन 3 सही है।**

**9. महतारी वंदना योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया गया था।
2. 1 जनवरी 2024 तक 21 वर्ष से अधिक आयु की सभी विवाहित महिलाएँ, जिनमें विधवा, तलाकशुदा और अभित्यक्त महिलाएँ शामिल हैं, इस योजना से लाभ पाने के लिये पात्र हैं।
3. योजन के तहत लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से प्रति माह 5000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री ने हाल ही में छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की शुरुआत की।
- इस योजना का उद्देश्य **महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण** सुनिश्चित करना, उन्हें **वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना**, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और परिवारों के भीतर उनकी निर्णायक भूमिका को सुदृढ़ करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **1 जनवरी 2024 तक 21 वर्ष से अधिक आयु** की सभी विवाहित महिलाएँ, जिनमें विधवा, तलाकशुदा और अभित्यक्त महिलाएँ शामिल हैं, इस योजना से लाभ पाने के लिये पात्र हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - योजना के तहत छत्तीसगढ़ में पात्र विवाहित महिलाओं को **प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT)** के माध्यम से **प्रति माह 1000 रुपए** की वित्तीय सहायता प्रदा की जाएगी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- छत्तीसगढ़ में महतारी वंदना योजना से लगभग **70 लाख महिलाओं को लाभ** होने की उम्मीद है जो उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान में योगदान देगी।
- महिलाओं के सशक्तीकरण से संबंधित अन्य पहलों में **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लखपति दीदी, जन धन खाते, मुद्रा ऋण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और उज्ज्वला योजना** शामिल हैं।

**10. रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX) योजना के साथ एसिंग डेवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज़ (ADITI), iDEX (ADITI) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना के तहत, स्टार्ट-अप्स को रक्षा प्रौद्योगिकी में अपने अनुसंधान, विकास और नवाचार प्रयासों के लिये 25 करोड़ रुपए तक की अनुदान सहायता प्रदान की जाती है।
2. ADITI के पहले संस्करण में, भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी से संबंधित 17 चुनौतियाँ लॉन्च की गई हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**रक्षा उत्कृषटता के लिये नवाचार (iDEX) योजना के साथ एसिंग डेवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज (ADITI)**

- **परिचय:**
  - वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिये 750 करोड़ रुपए की ADITI योजना **रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग (DDP) के रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX) प्रारूप** के अंतर्गत आती है।
  - इस योजना के तहत, **स्टार्ट-अप्स** को रक्षा प्रौद्योगिकी में अपने अनुसंधान, विकास और नवाचार प्रयासों के लिये **25 करोड़ रुपए तक** की अनुदान सहायता प्रदान की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह योजना युवाओं के बीच नवाचार को बढ़ावा देगी और देश को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगी।
    - ADITI के पहले संस्करण में, 17 चुनौतियाँ- भारतीय सेना (3), भारतीय नौसेना (5), भारतीय वायु सेना (5) और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी (4) लॉन्च की गई हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **उद्देश्य:**
  - इसका लक्ष्य प्रस्तावित समय-सीमा में लगभग **30 डीप-टेक क्रिटिकल और रणनीतिक प्रौद्योगिकियों** को विकसित करना है।

- ◆ इसमें आधुनिक सशस्त्र बलों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं तथा रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमताओं के बीच अंतर को कम करने हेतु **एक 'टेक्नोलॉजी वॉच टूल' बनाने की** भी परिकल्पना की गई है।

**11. वियना अंतर्राष्ट्रीय कार्य योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जिसने उम्र बढ़ने को लेकर विचार-विमर्श की शुरुआत की है।
2. इसका उद्देश्य बढ़ती उम्र से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने के लिये एक ब्लूप्रिंट के रूप में कार्य करते हुए, आबादी की बढ़ती उम्र के हित की दिशा में सरकारी तथा सामाजिक क्षमता को बढ़ाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **वियना अंतर्राष्ट्रीय कार्य योजना** पहली अंतर्राष्ट्रीय पहल है जिसने उम्र बढ़ने को लेकर विचार-विमर्श की शुरुआत की है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ◆ इस योजना को **वर्ष 1982 में वर्ल्ड असेंबली ऑन एजिंग** द्वारा अपनाया गया था और **संयुक्त राष्ट्र महासभा** द्वारा इसका समर्थन किया गया था।
- यह बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिये सरकारों एवं नागरिक समाज की क्षमता बढ़ाने का प्रयास करती है, वरिष्ठ नागरिकों की बढ़ती उम्र पर नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करने के लिये एक रूपरेखा के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**12. मेरा गाँव मेरी धरोहर (MGMD) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संस्कृति मंत्रालय के अधीन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) के समन्वय से संचालित सांस्कृतिक मानचित्रण पर एक राष्ट्रीय मिशन है।
2. इस योजना के तहत सरकार ने देश के सभी गाँवों का मानचित्रण तथा प्रलेखीकरण करने का निर्णय लिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मेरा गाँव मेरी धरोहर (MGMD) योजना:**

- **MGMD कार्यक्रम** संस्कृति मंत्रालय के अधीन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) के समन्वय से संचालित सांस्कृतिक मानचित्रण पर एक **राष्ट्रीय मिशन** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार ने मेरा गाँव, मेरी धरोहर (MGMD) कार्यक्रम के तहत सभी गाँवों का **मानचित्रण तथा प्रलेखीकरण** करने का निर्णय लिया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ◆ इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय गाँवों के जीवन, इतिहास तथा लोकाचार की विस्तृत जानकारी संकलित करना एवं इसे आभासी तथा वास्तविक समय के आगंतुकों के लिये उपलब्ध कराना है।

**13. 'माँ कामाख्या दिव्य परियोजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिये प्रधानमंत्री विकास पहल (PM-DevINE) योजना के तहत मंजूरी दी गई है।
2. कामाख्या मंदिर असम के गुवाहाटी में नीलांचल पहाड़ियों पर स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने **मां कामाख्या दिव्य परियोजना (मां कामाख्या पहुँच गलियारा)** की आधारशिला रखी थी।
- इसे उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिये **प्रधानमंत्री विकास पहल (PM-DevINE)** योजना के तहत मंजूरी दी गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- गुवाहाटी, असम में नीलांचल पहाड़ियों पर स्थित, **कामाख्या मंदिर** एक महत्त्वपूर्ण तीर्थस्थल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह मंदिर मां शक्ति के विभिन्न रूपों को समर्पित है, अर्थात् **सुंदरी, त्रिपुरा, तारा, भुवनेश्वरी, बगलामुखी** और **छिन्नमस्ता**।
- **अंबुबाची मेला** इस मंदिर के प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह त्योहार हर साल देवी कामाख्या के वार्षिक मासिक धर्म के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है।

**14. NISAR चरण-II परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NISAR का लक्ष्य व्यापक क्षेत्रों के उच्च-सटीकता वाले डेटा प्रदान करके पृथ्वी संसाधन के अवलोकन में क्रांति लाना है।
2. नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 2030 में लॉन्च किये जाने के लिये प्रस्तावित स्पेस-बोर्न सिंथेटिक एपर्चर रडार का विकास किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- NASA-ISRO सिंथेटिक एपर्चर रडार (NISAR) चरण-II रडार डेटा के माध्यम से वन बायोमास और कार्बन अनुवीक्षण पर केंद्रित एक अत्याधुनिक अनुसंधान परियोजना है, हाल ही में केरल यूनिवर्सिटी ऑफ फिशरीज़ एंड ओशन स्टडीज़ (KUFOS) ने इस परियोजना में भाग लेने की घोषणा की है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) तथा NISAR कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण की सफलता के बाद इस सहयोग की घोषणा की गई है, पहला चरण विभिन्न क्षेत्रों में वन बायोमास की वास्तविक से जुड़े डेटा के मान्यीकरण पर केंद्रित था।
- नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 2024 में लॉन्च किये जाने के लिये प्रस्तावित स्पेस-बोर्न सिंथेटिक एपर्चर रडार का विकास किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- NISAR का लक्ष्य व्यापक क्षेत्रों के अधिक-सटीकता वाला डेटा प्रदान करके पृथ्वी संसाधन के अवलोकन में क्रांति लाना है। **अतः कथन 1 सही है।**

**15. प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मत्स्य पालन क्षेत्र को औपचारिक बनाने के लिये प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा (PMMSY) के तहत एक केंद्रीय क्षेत्र की उप-योजना है।
2. इसका उद्देश्य जलीय कृषि बीमा खरीदने के लिये लाभार्थियों को एकमुश्त प्रोत्साहन प्रदान करना है।
3. राष्ट्रीय मत्स्य पालन क्षेत्र डिजिटल प्लेटफॉर्म (NFDP) के तहत इस योजना का लक्ष्य असंगठित मत्स्य पालन क्षेत्र का क्रमिक तौर पर औपचारिकीकरण करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 2, और 3
B. केवल 1
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना:**

- PM-MKSS, मत्स्य पालन क्षेत्र को औपचारिक बनाने और वित्त वर्ष 2023-24 से वित्तीय वर्ष 2026-27 तक सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में अगले चार वर्षों की अवधि में 6,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ मत्स्य पालन सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों का समर्थन करने के लिये **प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा (Pradhan Mantri Matsya Sampada- PMMSY)** के तहत एक **केंद्रीय क्षेत्र की उप-योजना** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **उद्देश्य:**
  - **राष्ट्रीय मत्स्य पालन क्षेत्र डिजिटल प्लेटफॉर्म (Fisheries Sector Digital Platform- NFDP)** के तहत मछुआरों, मत्स्य किसानों और सहायक श्रमिकों के स्व-पंजीकरण के माध्यम से असंगठित **मत्स्य पालन क्षेत्र** का क्रमिक औपचारिककरण। **अतः कथन 3 सही है।**
  - मत्स्य पालन क्षेत्र के सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिये **संस्थागत वित्तपोषण** तक पहुँच को सुविधाजनक बनाना।
  - **जलीय कृषि बीमा** खरीदने के लिये लाभार्थियों को **एकमुश्त प्रोत्साहन** प्रदान करना। **अतः कथन 2 सही है।**
  - मत्स्य, मत्स्योत्पाद और नौकरियों के रखरखाव के लिये सुरक्षा एवं गुणवत्ता आश्वासन प्रणालियों को अपनाने तथा उनके विस्तार को प्रोत्साहित करना।

**16. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सूक्ष्म और लघु उद्यमों को किफायती ऋण प्रदान करने की भारत सरकार की प्रमुख पहल है, जिसका लक्ष्य उनके वित्तीय समावेशन को औपचारिक बनाना या "बिना वित्तपोषित लोगों को वित्तपोषित करना" है।
2. 10 लाख रुपए से कम की गैर-कृषि आय गतिविधियों के लिये व्यावसायिक योजना वाले भारतीय नागरिक मुद्रा ऋण ले सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना:**

- यह सूक्ष्म और लघु उद्यमों को किफायती ऋण प्रदान करने की भारत सरकार की **प्रमुख पहल** है, जिसका लक्ष्य उनके वित्तीय समावेशन को औपचारिक बनाना या "बिना वित्तपोषित लोगों को वित्तपोषित करना" है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कोई भी भारतीय नागरिक, जिसके पास विनिर्माण, प्रसंस्करण, व्यापार या सेवा क्षेत्र सहित गैर-कृषि क्षेत्र की आय-सृजन गतिविधि के लिये व्यवसाय योजना है और उसे 10 लाख रुपए से कम के ऋण की आवश्यकता है, किसी बैंक, माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस (MFI) या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) से पीएमएमवाई के तहत माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लिमिटेड (मुद्रा) ऋण प्राप्त कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**17. 'स्मार्ट ग्राम पंचायत परियोजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस परियोजना को संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) के तहत वित्त पोषित किया गया है।
2. इस परियोजना का लक्ष्य बिहार के बेगुसराय में ग्राम पंचायतों तक PM-वाणी (प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस) सेवा का विस्तार करना है।
3. इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण-शहरी विभाजन को पाटना, स्थानीय स्वशासन में उत्तरदायित्व और दक्षता को बढ़ावा देना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **स्मार्ट ग्राम पंचायत परियोजना:**
  - इस परियोजना को **संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA)** के तहत वित्त पोषित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में ऑनलाइन सेवाओं तक पहुँच बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ज़ोर दिया गया है।
  - इस परियोजना का लक्ष्य **बिहार** के **बेगुसराय** में ग्राम पंचायतों तक **PM-वाणी (प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस)** सेवा का विस्तार करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - बेगूसराय अब **PM-वाणी योजना** के तहत सभी ग्राम पंचायतों को वाई-फाई सेवाओं से लैस करने वाला बिहार का पहला ज़िला बन गया है।
  - इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण-शहरी विभाजन को पाटना, स्थानीय स्वशासन में उत्तरदायित्व और दक्षता को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 3 सही है।**

**18. 'स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (APAAR): वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी कार्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. APAAR डिजिलॉकर के प्रवेश द्वार के रूप में काम करेगा, एक डिजिटल प्रणाली जहाँ छात्र अपने महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ों और उपलब्धियों को संग्रहीत कर सकते हैं।
2. यह माता-पिता की सहमति से अपने आधार नंबर का उपयोग करने वाले छात्रों को एक विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान करता है।
3. इसे वर्ष 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) तथा नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF) के अनुसार प्रस्तुत किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **'APAAR:** वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी कार्ड' डिजिलॉकर के रूप में कार्य करेगा, यह एक डिजिटल प्रणाली है जहाँ छात्र अपने महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ों तथा उपलब्धियों, जैसे परीक्षा परिणाम और रिपोर्ट कार्ड को संग्रहीत कर सकते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह माता-पिता की सहमति से अपने आधार संख्या का उपयोग करने वाले छात्रों को एक विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020** तथा नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF) के अनुसार प्रस्तुत किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**19. भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत की गई पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र के साथ आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने की एक कूटनीतिक पहल है।
2. अगरतला-अखौरा रेल लिंक भारत और म्याँमार के बीच स्थित है।
3. त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश और थाईलैंड से जोड़ती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**एक्ट ईस्ट पॉलिसी:**

- **नवंबर, 2014** में घोषित **'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' 'लुक ईस्ट पॉलिसी' का अपग्रेड** है।
- यह विभिन्न स्तरों पर विशाल **एशिया-प्रशांत क्षेत्र के साथ आर्थिक, रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने की एक राजनयिक पहल** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत कनेक्टिविटी बढ़ाने की पहल:**
  - भारत और बांग्लादेश के बीच अगरतला-अखौरा रेल संपर्क स्थापित करना। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - बांग्लादेश के माध्यम से इंटरमॉडल परिवहन और अंतर्देशीय जलमार्ग संपर्क स्थापित करना।
  - त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को म्याँमार और थाईलैंड से जोड़ती है।**अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**20. स्माइल योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना ट्रांसजेंडरों और भिखारियों के लिये पूर्व कार्यक्रमों के सम्मेलन के बाद बनाई गई थी।
2. यह चयनित अस्पतालों के माध्यम से लिंग-पुनर्पुष्टि सर्जरी का समर्थन करने वाले प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) के साथ अभिसरण में एक व्यापक पैकेज प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**व्याख्या: C**

**व्याख्या:**

**परिचय:**

- **यह भिखारियों और ट्रांसजेंडर्स के लिये मौजूदा योजनाओं के विलय के बाद एक नई योजना है। अतः कथन 1 सही है।**
- SMILE की **दो उप-योजनाएँ** - एक 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण हेतु व्यापक पुनर्वास हेतु केंद्रीय क्षेत्र योजना' तथा दूसरी **'भिक्षावृत्ति के कार्य में लगे लोगों के व्यापक पुनर्वास के लिये केंद्रीय क्षेत्र योजना'** ट्रांसजेंडर समुदाय और भिक्षावृत्ति में लगे लोगों के लिये **व्यापक कल्याण एवं पुनर्वास उपाय प्रदान** करना।
- यह योजना ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के **पुनर्वास के लिये राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों और शहरी स्थानीय निकायों** के पास उपलब्ध मौजूदा आश्रय घरों के उपयोग का प्रावधान करती है।
- समग्र चिकित्सा स्वास्थ्य के माध्यम से यह चयनित अस्पतालों के माध्यम से लिंग-पुनर्पुष्टि सर्जरी का समर्थन करने वाले **प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY)** के साथ मिलकर एक व्यापक पैकेज प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**21. मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान (MMUA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना का लक्ष्य स्वयं सहायता समूहों में भाग लेने वाली ग्रामीण महिलाओं के विकास का समर्थन करना और उन्हें अपने समुदायों में सूक्ष्म-उद्यमी बनने में सहायता करना है।
2. अधिकतम चार बच्चों वाले अनुसूचित जनजाति (ST) और अनुसूचित जाति (SC) परिवार इस योजना के लाभ हेतु पात्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान (MMUA) योजना का लक्ष्य स्वयं सहायता समूहों में भाग लेने वाली ग्रामीण महिलाओं के विकास का समर्थन करना और उन्हें 1 लाख प्रति सदस्य- प्रतिवर्ष के लक्षित आय वाले सूक्ष्म-उद्यमी बनने में सहायता करना है। अतः कथन 1 सही है।

- **योजना के लिये अर्हता प्राप्त करने हेतु बच्चों की संख्या से संबंधित सीमाएँ:**
    - **सामान्य एवं OBC वर्ग की महिलाएँ:** अधिकतम तीन बच्चे।
    - **ST एवं SC:** अधिकतम चार बच्चों को लाभ लेने की अनुमति। **अत: कथन 2 सही है।**
    - **मोरन, मोटोक** और **'टी ट्राइब्स':** अधिकतम चार बच्चे।

**22. भारत में स्टार्टअप को बढ़ावा देने की पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फंड्स ऑफ फंड्स योजना की स्थापना वर्ष 2016 में 40,000 करोड़ रुपए के कोष के साथ की गई थी।
2. स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास और उत्पाद परीक्षणों के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
3. स्टार्टअप इंडिया इन्वेस्टर कनेक्ट स्टार्टअप्स को निवेशकों से जोड़ने के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित मैचमेकिंग की सुविधा प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये की गई सरकारी पहल:**

- **फंड ऑफ फंड्स (FoF) योजना:**
    - जून 2016 में 10,000 करोड़ रुपए के कोष के साथ स्थापित स्टार्टअप योजना के लिये FoF का उद्देश्य कार्यान्वयन की प्रगति के आधार पर 14वें और 15वें वित्त आयोग चक्रों में योगदान को बढ़ाकर घरेलू पूंजी तक पहुँच की सुविधा प्रदान करके भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना (SISF):**
    - SISF, 945 करोड़ रुपए के कोष की सहायता के साथ वर्ष 2021-22 से चार वर्ष की अवधि के लिये अनुमोदित किया गया था जिसके तहत अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाज़ार में प्रवेश एवं व्यावसायीकरण के लिये स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **स्टार्टअप इंडिया इन्वेस्टर कनेक्ट:**
    - स्टार्टअप इंडिया इन्वेस्टर कनेक्ट स्टार्टअप्स को निवेशकों से जोड़ने के लिये **कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित मैचमेकिंग** की सुविधा प्रदान करता है, जिससे उद्यमियों के लिये एक ही एप्लीकेशन के माध्यम से कई निवेशकों तक अपने विचारों को पहुँचाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**23. अमृत धरोहर क्षमता निर्माण योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पर्यटन मंत्रालय तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच एक संयुक्त प्रयास है।
2. योजना का प्राथमिक फोकस पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील आर्द्रभूमियों पर रणनीतिक रूप से उच्च मात्रा वाले पर्यटन से उच्च मूल्य वाले प्रकृति पर्यटन में परिवर्तन करना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'अमृत धरोहर क्षमता निर्माण योजना' पर्यटन मंत्रालय तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच एक संयुक्त प्रयास है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह योजना आर्द्रभूमि के इष्टतम उपयोग को प्रोत्साहित करने और स्थानीय समुदायों के लिये जैवविविधता, कार्बन स्टॉक, पर्यावरण-पर्यटन के अवसरों के साथ-साथ आय सृजन को बढ़ाने के लिये अगले तीन वर्षों (2023 से) में लागू की जाएगी।
    - योजना का प्राथमिक फोकस पारिस्थितिक रूप से **संवेदनशील आर्द्रभूमियों पर रणनीतिक रूप से** उच्च मात्रा वाले पर्यटन से **उच्च मूल्य वाले प्रकृति पर्यटन में परिवर्तन** करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना एक ऐसी योजना है जिसमें देश के सभी व्यावसायिक भवनों की छतों पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करना शामिल होगा।
2. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय आवासीय क्षेत्र में RTS की स्थापना के लिये रूफटॉप सोलर (RTS) कार्यक्रम का कार्यान्वन कर रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत के प्रधानमंत्री ने **'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना'** शुरू की जो एक नवाचारी सरकारी पहल है जिसका उद्देश्य देश में एक करोड़ **घरों** की छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली या रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **रूफटॉप सोलर (RTS) कार्यक्रम** के दूसरे चरण का कार्यान्वन **नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (Ministry of New and Renewable energy)** द्वारा किया जा रहा है, जिसमें आवासीय क्षेत्र में RTS की स्थापना के लिये **केंद्रीय वित्तीय सहायता (Central Financial Assistance- CFA)** प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में आवासीय क्षेत्र में 4 गीगावॉट RTS क्षमता की स्थापना की परिकल्पना की गई है तथा इसकी अवधि 31.03.2026 तक बढ़ा दी गई है। **अतः कथन 2 सही है।**

**25. लक्षित क्षेत्रों में उच्च स्तरीय विद्यालयों में छात्रों के लिये आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठता) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हाशिये पर रहने वाले आय समूहों के समुदायों के लिये शैक्षिक सेवा अंतराल को कम करने हेतु शिक्षा मंत्रालय की एक पहल थी।
2. यह योजना केवल अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा व अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन -सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- **लक्षित क्षेत्रों में उच्च स्तरीय विद्यालयों में छात्रों के लिये आवासीय शिक्षा योजना** (Scheme for residential education for students in High school in Targeted Areas- **SHRESHTA**) **सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय** की एक पहल थी, जिसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता प्रदान करके अनुसूचित जाति (SC) के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में शैक्षिक सेवा अंतराल को कम करना था। इसके तहत अनुसूचित जाति के छात्रों के लिये शिक्षा, सामाजिक-आर्थिक उत्थान एवं समग्र विकास के साथ उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व अवसर प्रदान किये गए। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **अनुसूचित जाति समुदाय** के छात्र जो वर्तमान में **8वीं तथा 10वीं कक्षा में** पढ़ रहे हैं, वे इस योजना से लाभान्वित होने के पात्र हैं। इसके अतिरिक्त, 2.5 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले SC समुदाय के तहत हाशिये पर रहने वाले आय वर्ग के छात्र भी इस योजना के पात्र हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**26. 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY)' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AB PM-JAY एक पात्रता आधारित योजना है जो नवीनतम सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC) डेटा द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित करती है।
2. इस कार्यक्रम के लिये वित्तपोषण सभी राज्यों तथा विधानसभाओं वाले केंद्रशासित प्रदेशों के लिये 60:40 के अनुपात में वितरित किया जाता है, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों व जम्मू-कश्मीर के लिये इसमें 90:10 के अनुपात का पालन किया जाता है।
3. PM-JAY के प्रभावी कार्यान्वयन के लिये सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक स्वायत्त इकाई के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) का गठन किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना** (AB PM-JAY) एक पात्रता आधारित योजना है जो नवीनतम **सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC)** डेटा द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) ने राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को शेष (अप्रमाणित) SECC परिवारों की पहचान करने के लिये समान सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल वाले **गैर-सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC)** लाभार्थी परिवार डेटाबेस का उपयोग करने हेतु लचीलापन प्रदान किया है।

- इस योजना का वित्तपोषण संयुक्त रूप से किया जाता है, **सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों** के मामले में केंद्र एवं विधायिका **के बीच 60:40,** पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के लिये 90:10 और विधायिका रहित केंद्रशासित प्रदेशों हेतु 100% केंद्रीय वित्तपोषण। **अतः कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (National Health Authority- NHA)** को राज्य सरकारों के साथ संयुक्त रूप से PMJAY के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक स्वायत्त इकाई के रूप में गठित किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**27. 'पूंजीगत निवेश योजना के लिये राज्यों को विशेष सहायता' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना वित्त वर्ष 2020-21 में कोविड-19 महामारी के दौरान प्रारंभ की गई थी।
2. इस योजना में दस भाग हैं, भाग I में सबसे छोटा आवंटन 10,000 करोड़ रुपए है।
3. इस योजना का उद्देश्य जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे प्रमुख क्षेत्रों में परियोजनाओं की गति को बढ़ाना भी है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यह योजना वित्त वर्ष 2020-21 में **कोविड-19 महामारी** के मद्देनज़र शुरू की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
  - वर्तमान में इस योजना का विस्तार किया गया है तथा इसे **₹1.3 लाख करोड़ के आवंटन के साथ 'पूंजी निवेश** के लिये राज्यों को विशेष सहायता योजना, **2023-24'** के रूप में जारी रखा गया है।
- इस योजना के आठ भाग हैं, **भाग-I 1 लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ सबसे बड़ा है।** यह राशि **15वें वित्त आयोग** के निर्णय के अनुसार राज्यों के बीच केंद्रीय करों और कर्त्तव्यों में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में आवंटित की गई है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस योजना का उद्देश्य राज्य के हिस्से को पूरा करने के लिये धन प्रदान करके **जल जीवन मिशन** और **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** जैसे प्रमुख क्षेत्रों में परियोजनाओं की गति को बढ़ाना भी है। **अतः कथन 3 सही है।**

**28. पीएम किसान सम्मान निधि योजना (PM-Kisan) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत सरकार से 100% वित्तपोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. इस योजना के तहत केवल पाँच हेक्टेयर से कम भूमि वाले किसान ही लाभ के पात्र हैं।
3. योजना में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप प्रत्येक वर्ष 25 प्रतिशत लाभार्थियों का वास्तविक सत्यापन किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पीएम किसान सम्मान निधि योजना (PM-Kisan):**

- यह भारत सरकार से 100% वित्तपोषण प्राप्त एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना** है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसका कार्यान्वन **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** द्वारा किया जाता है।
- **योजना का दायरा:** यह योजना प्रारंभ में **2 हेक्टेयर** भूमि वाले **छोटे तथा सीमांत किसानों (Small and Marginal Farmers- SMF)** के लिये थी किंतु सभी भूमि धारक किसानों को लाभ प्रदान करने हेतु योजना का दायरा बढ़ा दिया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **वास्तविक रूप से सत्यापन की व्यवस्था:** योजना में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक वर्ष **5%** लाभार्थियों का अनिवार्य रूप से वास्तविक सत्यापन किया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**29. "पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी)" योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नीति आयोग के सहयोग से विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक पहल है।
2. इसका उद्देश्य पृथ्वी प्रणाली विज्ञान की समझ में सुधार लाने और देश के लिये विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान करने हेतु पृथ्वी प्रणाली के सभी पाँच घटकों को समग्र रूप से संबोधित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी) योजना:**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4,797 करोड़ रुपये की कुल लागत पर **वर्ष 2021-26** की अवधि के दौरान कार्यान्वयन के लिए **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** की व्यापक योजना **"पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी)"** को मंज़ूरी दे दी है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें वर्तमान में चल रही **पाँच उप-योजनाएँ** शामिल हैं जो निम्नलिखित हैं:
  - अक्रॉस: वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान-प्रारूप निरीक्षण प्रणाली तथा सेवाएँ।
  - ओ-स्मार्ट: महासागर सेवाएँ, प्रारूप अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी।
  - पेसर: ध्रुवीय विज्ञान तथा क्रायोस्फीयर अनुसंधान।
  - SAGE: भूकंप विज्ञान और भू-विज्ञान।
  - रीचआउट: अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और आउटरीच।
- PRITHVI योजना व्यापक रूप से भू-विज्ञान के पाँच घटकों: **वायुमंडल, जलमंडल, भूमंडल, हिममंडल और जीवमंडल** की देखरेख करती है। इस समग्र दृष्टिकोण का **उद्देश्य समझ को बढ़ाना और देश के लिये विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान** करना है।
  - पृथ्वी की व्यापक योजना पृथ्वी प्रणाली विज्ञान की समझ में सुधार लाने और देश के लिये विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान करने हेतु पृथ्वी प्रणाली के सभी पाँच घटकों को समग्र रूप से संबोधित करेगी। **अत: कथन 2 सही है।**

**30. प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PM-AJAY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) को PM-AJAY के तहत विलय नहीं किया गया है।
2. PM-AJAY का उद्देश्य गरीबी को कम करना और SC समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सुधार करना है।
3. प्रधानमंत्री आदर्शग्राम योजना (PMAGY) एक केंद्र प्रायोजित योजना है और PM-AJAY का एक घटक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने **प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PM-AJAY)** पर प्रकाश डाला, जो तीन **केंद्र प्रायोजित योजनाओं** को सम्मिलित कर एक व्यापक योजना है।
- इन योजनाओं में शामिल हैं:
  - **प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY),**
  - अनुसूचित जाति उपयोजना (Special Central Assistance- SCA to Scheduled Castes Sub Plan- SCSP) के लिये विशेष केंद्रीय सहायता और
  - बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (BJRCY).
    - {प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) को इस योजना के तहत विलय नहीं किया गया है}। अत: कथन 1 और कथन 3 सही हैं।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य कौशल विकास, आय-सृजन योजनाओं और विभिन्न पहलों के माध्यम से रोज़गार के अवसरों का सृजन करके **अनुसूचित जाति (SC) समुदायों का उत्थान** करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**31. शिमला विकास योजना, 2041 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विकास योजना भारत सरकार की अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन उपयोजना के तहत तैयार की गई है।
2. योजना में कहा गया है कि नगर नियोजन राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के दायरे में आता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विकास योजना भारत सरकार की **अमृत (कायाकल्प एवं शहरी परिवर्तन के लिये अटल मिशन)**,उप-योजना के अंर्तगत **हिमाचल प्रदेश के नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग** द्वारा तैयार की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- योजना **GIS (भौगोलिक सूचना प्रणाली)** आधारित है। यह हिमाचल प्रदेश **नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम, 1977** के प्रावधानों के अंर्तगत शिमला **नगर निगम** तथा इसके आसपास के क्षेत्रों को कवर करता है।

- योजना में कहा गया है कि **"नगर नियोजन राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT)** के दायरे में नहीं आता है"। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- शिमला विकास योजना 2041 को जनवरी 2024 में सर्वोच्च न्यायालय ने NGT के **पहले के निर्णयों को पलटते हुए मंज़ूरी** दे दी थी। न्यायालय ने तर्क दिया कि राज्य सरकार को **विकास योजना का मसौदा तैयार करने के बारे में निर्देश** देना उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

**32. निम्नलिखित में से कौन-सी योजना/पहल भारत में असंगठित श्रम से संबंधित है?**

1. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY)
2. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY)
3. आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY)
4. प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM-SYM)

**उपर्युक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिये:**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY),** असंगठित श्रम से संबंधित है।
  - **PMJJBY:**
    - किसी भी कारण से बीमाधारक की मृत्यु के मामले में 436/- रुपए के वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए। अत: कथन 1 सही है।
  - **PMSBY:**
    - प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) के अंतर्गत 20/- रुपए प्रति वर्ष के प्रीमियम पर आकस्मिक मृत्यु अथवा पूर्ण रूप से स्थायी विकलांगता के मामले में 2.00 लाख रुपए एवं दुर्घटना के कारण आंशिक स्थायी विकलांगता के लिये 1.00 लाख रुपए की बीमा सुरक्षा मिलती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **स्वास्थ्य एवं मातृत्व लाभ:**
  - **आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY)** के माध्यम से अभाव और व्यवसाय मानदंड के अंतर्गत स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ का बीमा किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - यह माध्यमिक और तृतीयक देखभाल संबंधी अस्पताल में भर्ती होने के लिये प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा प्रदान करता है।
- **वृद्धावस्था सुरक्षा:**
  - भारत सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था सुरक्षा प्रदान करने के लिये वर्ष 2019 में असंगठित श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद 3000/- रुपए की मासिक पेंशन प्रदान करने के लिये **प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना (PM-SYM)** नाम से एक पेंशन योजना शुरू की थी। **अत: कथन 4 सही है।**

**33. भारतीय वन एवं लकड़ी प्रमाणन योजना (IFWCS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्थायी वन प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिये डिज़ाइन किया गया है जो स्वैच्छिक तृतीय-पक्ष प्रमाणीकरण प्रदान करता है।
2. इस योजना की देखरेख भारतीय वन और लकड़ी प्रमाणन परिषद द्वारा की जाएगी।
3. वनों के बाहर वृक्ष मानक योजना का हिस्सा नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC)** ने **भारतीय वन एवं लकड़ी प्रमाणन योजना (Indian Forest & Wood Certification Scheme- IFWCS)** शुरू की है। यह राष्ट्रीय वन प्रमाणन योजना देश में स्थायी वन प्रबंधन और कृषि वानिकी को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये **स्वैच्छिक तृतीय-पक्ष प्रमाणन** प्रदान करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **केंद्रक अभिकरण:**
  - इस योजना की देख-रेख **भारतीय वन और लकड़ी प्रमाणन परिषद द्वारा** की जाएगी, जो एक बहुहितधारक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करेगी।
  - **भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल** योजना संचालन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा और योजना के समग्र प्रबंधन के लिये ज़िम्मेदार होगा।

- **भारतीय गुणवत्ता परिषद** के अधीन **प्रमाणन निकायों के लिये राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड** प्रमाणन निकायों को मान्यता देगा जो स्वतंत्र ऑडिट करेगा तथा योजना के तहत निर्धारित मानकों पर विभिन्न संस्थाओं के पालन का आकलन करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**

- **वनों के बाहर एक अन्य पेड़ मानक:**
  - वनों के बाहर एक अलग पेड़ मानक, अब नई शुरू की गई भारतीय वन और लकड़ी प्रमाणन योजना के एक भाग के रूप में **पेश किया गया** है।
    - **'वनों के बाहर के पेड़'** का अर्थ रिकॉर्ड किये गए तथा अधिसूचित वनों के बाहर, व्यक्तिगत किसानों अथवा छोटे किसानों के समूह की कृषि भूमि अथवा संस्थानों एवं उद्योगों की निजी भूमि पर वृक्षारोपण क्षेत्र इत्यादि में उगने वाले वृक्षों से हैं जिसमें बाड़ (Hedge) व मेड़ों पर लगे सभी पेड़, **कृषिवानिकी, सिल्वो-पशुपालन, शहरी एवं ग्रामीण वानिकी प्रणालियों तथा ब्लॉक वृक्षारोपण के विभिन्न मॉडलों में उगाए गए पेड़** भी शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**34. 'स्वयं सहायता समूह (SHG) बैंक लिंकेज (BL) परियोजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SHG BL परियोजना वर्ष 1992 में NABARD द्वारा शुरू की गई थी और यह विश्व की सबसे बड़ी माइक्रोफाइनेंस परियोजना बन गई है।
2. इस परियोजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (SRLM) के तहत कर्मचारियों और सामुदायिक कैडरों का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।
3. बैंक सखी SHG की प्रशिक्षित सदस्य हैं जो लेनदेन और आवेदन प्रक्रियाओं में SHG सदस्यों की सहायता करने में मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- SHG BL परियोजना वर्ष 1992 में NABARD द्वारा शुरू की गई थी और अब यह विश्व की सबसे बड़ी माइक्रोफाइनेंस परियोजना बन गई है। अत: कथन 1 सही है।
  - इस **कार्यक्रम के तहत** बैंकों को SHG के लिये **बचत खाते खोलने की अनुमति** दी गई।
- इस परियोजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (SRLM) के तहत कर्मचारियों और सामुदायिक कैडरों का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
  - ग्रामीण स्तर पर प्रशिक्षित **वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन (FLCRP) व्यक्तियों** के माध्यम से **स्वयं सहायता समूहों (SHG)** के सदस्यों को वित्तीय शिक्षा प्रदान की जाती है।
- SHG के प्रशिक्षित सदस्य **बैंक सखी** जो मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं, लेनदेन और आवेदन प्रक्रियाओं में SHG सदस्यों की सहायता करती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**35. इंटीग्रेटेड केस मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (ICMIS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ICMIS सार्वोच्च न्यायालय द्वारा अपनाया गया अगली पीढ़ी का हाइब्रिड डेटाबेस है।
2. यह एक उपयोगकर्त्ता-अनुकूल इंटरफेस के माध्यम से वादियों को ऑनलाइन जानकारी तक पहुँचने और पुन: प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।
3. ICMIS का कार्यान्वयन वर्ष 2020 में प्रारंभ हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**इंटीग्रेटेड केस मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (ICMIS):**

- **ICMIS सार्वोच्च न्यायालय (SC) द्वारा अपनाया गया अगली पीढ़ी का हाइब्रिड डेटाबेस है।** यह मामलों से संबंधित विभिन्न सूचना स्रोतों को एकीकृत करता है, जैसे मामले की स्थिति, आदेश, निर्णय, अपील आदि। **अत: कथन 1 सही है।**
- **ICMIS एक उपयोगकर्त्ता-अनुकूल इंटरफेस के माध्यम से वादियों को ऑनलाइन जानकारी तक पहुँचने और पुन: प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।** यह मामलों की प्रगति पर वास्तविक समय अपडेट भी प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ICMIS केस दाखिल करने तथा निस्तारण में हेरफेर और देरी को कम करने में मदद करता है। यह ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से मामलों और दस्तावेज़ों को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा भी प्रदान करता है।

- वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया **इंटीग्रेटेड केस मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (ICMIS)** ने उच्चतम निपटान संख्या प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**36. निर्यातित उत्पादों पर शुल्कों और करों में छूट की योजना (RoDTEP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RoDTEP में केंद्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर कर, शुल्क एवं लेवी शामिल हैं, जिन्हें किसी अन्य मौजूदा तंत्र के माध्यम से वापस नहीं किया जाता है।
2. RoDTEP समिति राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्य करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**केंद्र सरकार चीनी निर्यात पर कर छूट लाभ को पुनर्जीवित करने की योजना बना रही है, जिसे वर्ष 2022 के मध्य में 'प्रतिबंधित' श्रेणी में रखा गया था।**

- **निर्यात उत्पादों पर शुल्कों और करों में छूट (RoDTEP) योजना**, जिसे जनवरी 2021 में लॉन्च किया गया था, का उद्देश्य निर्यातित वस्तुओं के **निर्माण एवं वितरण** की प्रक्रिया में निर्यात संस्थाओं द्वारा किये गए **करों, शुल्कों तथा लेवी/वसूली की प्रतिपूर्ति हेतु एक तंत्र** प्रदान करना है।
- RoDTEP में केंद्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर कर, शुल्क व लेवी शामिल हैं, जिन्हें किसी अन्य मौजूदा तंत्र के माध्यम से वापस नहीं किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - RoDTEP समिति वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्य करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- हालाँकि इस योजना के तहत, चीनी निर्यातकों को सीमा शुल्क अधिकारियों से कर संबंधी पूछताछ का सामना करना पड़ा, क्योंकि यह एक **प्रतिबंधित उत्पाद** है और **निर्यात लाभ के लिये पात्र नहीं** है।
  - चीनी, जिसका व्यापार पहले मुक्त निर्यात के तहत होता था, ने RoDTEP लाभ की मांग की।

**37. 15B परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत का स्वदेशी विध्वंसक निर्माण कार्यक्रम है।
2. 15B परियोजना का लक्ष्य विशाखापत्तनम श्रेणी के विध्वंसक के रूप में निर्माण करना था।
3. इन जहाज़ों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिज़ान ब्यूरो द्वारा डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**15B परियोजना:**

- भारत का **स्वदेशी विध्वंसक पोत निर्माण कार्यक्रम** वर्ष 1990 के दशक के अंत में **तीन दिल्ली श्रेणी (P-15 वर्ग) युद्धपोतों** के साथ शुरू हुआ तथा इसके एक दशक बाद **तीन कोलकाता श्रेणी (P-15A)** विध्वंसक युद्धपोतों को शामिल किया गया।
  - वर्तमान में 15A परियोजना में प्राप्त सफलता एवं तकनीकी प्रगति के बाद, P-15B (विशाखापत्तनम श्रेणी) के तहत **कुल चार युद्धपोतों (विशाखापत्तनम, मोर्मुगाओ, इंफाल, सूरत)** की योजना बनाई गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - 15B परियोजना का लक्ष्य कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक युद्धपोतों के उन्नत संस्करण को **विशाखापत्तनम श्रेणी के विध्वंसक** के रूप में निर्मित करना था।
    - इस श्रेणी की पहचान **इसके प्रमुख पोत** के नाम से की जाती है, **इसलिये इसे विशाखापत्तनम श्रेणी के रूप में जाना जाता है। अतः कथन 2 सही है।**
  - इन जहाज़ों को **भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिज़ान ब्यूरो** द्वारा डिज़ाइन किया गया है और मुंबई में मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDSL) द्वारा निर्मित किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**38. ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर एकेडमिक नेटवर्क्स (GIAN) पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GIAN देश में उच्च शिक्षा संस्थानों को उत्प्रेरित करने के लिये परिकल्पित है और शुरुआत में इसमें केवल निजी विश्वविद्यालय शामिल होंगे।
2. शिक्षा मंत्री GIAN कार्यान्वयन समिति का अध्यक्ष होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर एकेडमिक नेटवर्क्स (GIAN) पहल:**

- **केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने उच्च शिक्षा में **ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर एकेडमिक नेटवर्क्स** (GIAN) नामक एक कार्यक्रम को मंज़ूरी दी है, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों और उद्यमियों की प्रतिभा का उपयोग करना है ताकि **भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा** सके। इसका उद्देश्य देश के मौजूदा शैक्षणिक संसाधनों में वृद्धि करना, गुणवत्ता सुधार की गति में तेज़ी लाना तथा **भारत की वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्षमता को वैश्विक उत्कृष्टता प्रदान करना** है।
- GIAN की परिकल्पना देश में उच्च शिक्षा संस्थानों को उत्प्रेरित करने के लिये की गई है और इसमें शुरुआत में सभी आईआईटी, आईआईएम, केंद्रीय विश्वविद्यालय, आईआईएससी बंगलूरु, आईआईएसईआर, एनआईटी और आईआईआईटी शामिल किये जाएंगे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- GIAN एक उभरती हुई योजना है जिसमें **प्रारंभ में छोटे अथवा सेमेस्टर आधारित पाठ्य सुविधाएँ प्रदान करने में भाग लेने के लिये संस्थानों में प्रतिष्ठित/सहायक/विज़िटिंग संकाय/प्रैक्टिस के प्रोफेसर आदि के रूप में विदेशी संकाय की भागीदारी** शामिल होगी। अन्य गतिविधियों को समय के साथ शामिल किया जाएगा।
- MHRD ने पाठ्यक्रमों के माध्यम से GIAN कार्यान्वयन को अंतिम रूप देने और मंज़ूरी देने तथा बजट आवंटन पर निर्णय लेने के लिये पहले ही **MHRD के सचिव की अध्यक्षता में एक GIAN कार्यान्वयन समिति** का गठन किया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**39. "पीएम ई-विद्या" योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह शिक्षा तक मल्टी-मोड पहुँच को सक्षम करने के लिये डिज़िटल/ऑनलाइन/ऑन-एयर शिक्षा से संबंधित सभी प्रयासों को एकीकृत करती है।
2. पीएम ई विद्या पहल सभी राज्यों के सभी छात्रों के लिये नि:शुल्क उपलब्ध है।
3. शिक्षा मंत्रालय द्वारा बड़ी संख्या में ई-पुस्तकों और ई-सामग्री के भंडार के रूप में कार्य करने के लिये इस योजना के हिस्से के रूप में दीक्षा पोर्टल बनाया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **पीएम ई-विद्या:**
  - **के बारे में :**
    - **पीएम ई-विद्या** नामक एक व्यापक पहल 2020 में **आत्मनिर्भर भारत अभियान** के हिस्से के रूप में शुरू की गई थी।
    - यह शिक्षा तक पहुँच को सक्षम करने के लिये **डिज़िटल/ऑनलाइन/ऑन-एयर शिक्षा** से संबंधित सभी प्रयासों को एकीकृत करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - **पीएम ई-विद्या** पहल सभी राज्यों में सभी छात्रों के लिये नि:शुल्क उपलब्ध है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **पीएम ई-विद्या के मुख्य घटक:**
  - **PM ई-विद्या के प्रमुख घटक:**
    - **ज्ञान साझा करने हेतु डिजिटल बुनियादी ढाँचा (DIKSHA): DIKSHA** राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में स्कूली शिक्षा के लिये गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री और सभी ग्रेडों हेतु क्यूआर कोड से लैस प्रभावशाली पाठ्यपुस्तकें प्रदान करने वाला देश का डिजिटल बुनियादी ढाँचा है।
      - **DIKSHA पोर्टल** और **मोबाइल एप:** इसे **शिक्षा मंत्रालय** द्वारा **राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और राष्ट्रीय स्तर के संगठनों** द्वारा बड़ी संख्या में **ई-पुस्तकों** और **ई-सामग्री** के भंडार के रूप में बनाया गया है।

**40. हाल ही में समाचारों में देखा जाने वाला एम-एक्शनसॉफ्ट क्या है?**

A. ग्राम पंचायतों से संबंधित एक मोबाइल ऐप्लीकेशन

B. भ्रष्टाचार के खिलाफ एक जन अभियान

C. कृषि डेटा के प्रबंधन के लिये एक सॉफ्टवेयर

D. ग्रामीण विकास के बारे में सीखने के लिये एक गेम

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **mActionSoft:** mActionSoft एक एंड्रॉइड-आधारित ऐप है जो उपयोगकर्त्ताओं को पंचायतों द्वारा किये गए कार्यों की भौतिक प्रगति पर रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। इस ऐप को पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया था। **अत: विकल्प A सही है।**

**41. PM-JANMAN योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PM-JANMAN एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदायों को मुख्यधारा में लाना है।
2. इसमें वन उपज के व्यापार के लिये वन धन विकास केंद्रों की स्थापना, 1 लाख घरों के लिये ऑफ-ग्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली और सौर स्ट्रीट लाइट की स्थापना भी शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**PM-JANMAN योजना क्या है?**

- **के बारे में :**
  - PM-JANMAN एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य **जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में लाना** है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह योजना (केंद्रीय क्षेत्र तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के एकीकरण) जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों एवं PVTG समुदायों के सहयोग से कार्यान्वित की जाएगी।
  - यह योजना **9 संबंधित मंत्रालयों द्वारा देख-रेख किये जाने वाले 11 महत्त्वपूर्ण कार्यप्रणालियों** पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो PVTG वाले गाँवों में मौजूदा योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगी।
    - इसमें पीएम-आवास योजना के तहत सुरक्षित आवास, **स्वच्छ पेयजल तक पहुँच, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पोषण, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर** सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं।
  - इस योजना में वन उपज के व्यापार के लिये वन धन विकास केंद्रों की स्थापना, 1 लाख घरों के लिये ऑफ-ग्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली तथा सौर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इस योजना से PVTG के साथ **भेदभाव एवं उनके बहिष्कार** के विविध व प्रतिच्छेदन रूपों का समाधान कर राष्ट्रीय एवं वैश्विक विकास में उनके अद्वितीय व मूल्यवान योगदान को मान्यता और महत्त्व देकर PVTG के **जीवन की गुणवत्ता तथा कल्याण** में वृद्धि होने की उम्मीद है।

**42. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) की स्थापना जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत की गई थी।
2. इसे राष्ट्रीय गंगा नदी पुनर्जीवन, संरक्षण और प्रबंधन परिषद द्वारा कार्यान्वित किया जाता है, जिसका अध्यक्ष गृह मंत्री होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 12 अगस्त, 2011 को NMCG को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक सोसायटी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसने राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण (NGRBA) की कार्यान्वयन शाखा के रूप में कार्य किया, जिसे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम (EPA), 1986 के प्रावधानों के तहत गठित किया गया था।
- NGRBA को वर्ष 2016 में भंग कर दिया गया और उसकी जगह राष्ट्रीय गंगा नदी पुनर्जीवन संरक्षण तथा प्रबंधन परिषद ने ले ली।
- इसकी **अध्यक्षता प्रधानमंत्री** करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**43. सड़क सुरक्षा से संबंधित वैश्विक पहलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2050 तक कम से कम 50% सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करने के लक्ष्य के साथ "वैश्विक सड़क सुरक्षा में सुधार" संकल्प अपनाया।

2. सड़क सुरक्षा पर दूसरे वैश्विक उच्च स्तरीय सम्मेलन में सड़क सुरक्षा पर ब्रासीलिया घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये गए हैं और भारत भी इसका हस्ताक्षरकर्त्ता देश है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सड़क सुरक्षा से संबंधित वैश्विक पहलें:**

- **सड़क सुरक्षा पर ब्रासीलिया घोषणापत्र (2015):**
  - ब्राज़ील में आयोजित सड़क सुरक्षा पर दूसरे वैश्विक उच्च-स्तरीय सम्मेलन में इस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किये गए। भारत इस घोषणापत्र का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसमें शामिल देशों का लक्ष्य सतत् विकास लक्ष्य 3.6 को प्राप्त करना है, यानी वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली वैश्विक मौतों और चोटों की संख्या को आधा करना है।
- **सड़क सुरक्षा के लिए कार्रवाई का दशक 2021-2030:**
  - संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2030 तक कम से कम 50% सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करने के लक्ष्य के साथ "वैश्विक सड़क सुरक्षा में सुधार" संकल्प अपनाया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह वैश्विक योजना सड़क सुरक्षा के लिये समग्र दृष्टिकोण के स्टॉकहोम घोषणा के अनुरूप है।

**44. प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण (PMFME) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इसका उद्देश्य सूक्ष्म-खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी और सामान्य बुनियादी ढाँचे के साथ समर्थन देना है।
3. यह मौजूदा समूहों और कच्चे माल की उपलब्धता के आधार पर ज़िलों के लिये खाद्य उत्पादों की पहचान करने हेतु एक ज़िला एक उत्पाद (ODOP) दृष्टिकोण अपनाती है।
4. यह स्वयं सहायता समूह (SHG) के प्रति सदस्य को कार्यशील पूंजी और छोटे उपकरणों की खरीद के लिये 40,000 रुपए की सीड कैपिटल/मूल पूंजी प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण (PMFME) योजना:**

- **PMFME योजना** जून 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (MoFPI) द्वारा** शुरू की गई एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य असंगठित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की प्रतिस्पर्द्धात्मकता और औपचारिकता को बढ़ाना एवं किसान उत्पादक संगठनों (FPO), स्वयं सहायता समूहों (SHG) तथा उत्पादक सहकारी समितियों को उनकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में सहायता प्रदान करना है।
- इस योजना में वर्ष 2020-21 से वर्ष 2024-25 तक पाँच वर्षों की अवधि में 10,000 करोड़ रुपए के परिव्यय की परिकल्पना की गई है।
- योजना के तहत 2,00,000 **सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को पात्र परियोजना लागत के 35% तक क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी के साथ** सीधे सहायता प्रदान की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपए प्रति यूनिट होगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह योजना सामान्य बुनियादी ढाँचे, ब्रांडिंग और विपणन सहायता, क्षमता निर्माण एवं अनुसंधान तथा एक मज़बूत परियोजना प्रबंधन ढाँचा भी प्रदान करती है।
- **यह योजना** मौजूदा समूहों और कच्चे माल की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ज़िलों के लिये खाद्य उत्पादों की पहचान करने हेतु **एक ज़िला एक उत्पाद (ODOP) दृष्टिकोण अपनाती है। अत: कथन 3 सही है।**
  - ODOP का तात्पर्य शीघ्र खराब होने वाली उपज आधारित या अन्य अनाज आधारित या किसी क्षेत्र में व्यापक रूप से उत्पादित खाद्य पदार्थ से है।
- योजना के तहत स्वयं सहायता समूह (SHG) के प्रति सदस्य को **कार्यशील पूंजी और छोटे उपकरणों की खरीद के लिये 40,000 रुपए की सीड कैपिटल/मूल पूंजी** प्रदान की जाती है, जिसकी अधिकतम सीमा 4 लाख रुपए प्रति SHG है। **अत: कथन 4 सही है।**

**45. श्रेयस योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. यह योजना शिक्षा मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है।
2. यह योजना OBC और EBC के लिये विदेशों में अध्ययन हेतु शैक्षणिक ऋण पर ब्याज अनुदान प्रदान करती है।
3. यह योजना उन्नत अध्ययन और अनुसंधान के लिये सालाना 1000 जूनियर रिसर्च फेलोशिप (वित्तीय सहायता) प्रदान करती है।

**निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- OBC और EBC छात्रों के लिये श्रेयस योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित **की जाती है, न कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस योजना के दो घटक हैं: **OBC के लिये राष्ट्रीय फैलोशिप** तथा अन्य पिछड़े वर्गों (OBC) एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (EBC) के लिये विदेश में अध्ययन हेतु शैक्षणिक ऋण पर ब्याज अनुदान की डॉ. अंबेडकर केंद्रीय क्षेत्र योजना। **अतः कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय फैलोशिप** योजना विभिन्न मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों, अनुसंधान और वैज्ञानिक संस्थानों में उच्च शिक्षा, **विशेष रूप से एम.फिल तथा पीएच.डी की पढाई** करने वाले OBC छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह योजना उन्नत अध्ययन और अनुसंधान के लिये सालाना **1000 जूनियर रिसर्च फेलोशिप (वित्तीय सहायता)** प्रदान करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**46. वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मलेन (VOGSS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. समापन सत्र में **'टूगैदर, फॉर एवरीवन्स ग्रोथ, विद एवरीवन्स ट्रस्ट'** विषय पर ज़ोर दिया गया।
2. **ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 'दक्षिण':** इस पहल का उद्घाटन भारतीय प्रधानमंत्री ने किया, जिसका उद्देश्य ज्ञानकोश तथा थिंक टैंक के रूप में कार्य करके **विकासशील देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना** है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मलेन' (VOGSS):**

- भारत ने हाल ही में वर्चुअल तरीके से आयोजित अपना दूसरा **'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मलेन' (VOGSS)** संपन्न किया। यह शिखर सम्मेलन **जनवरी 2023** में उद्घाटन शिखर सम्मेलन के बाद संपन्न हुआ, जो राष्ट्रों के बीच एकजुटता को बढ़ावा देने तथा **ग्लोबल साउथ में अपने नेतृत्व को सशक्त करने की भारत की प्रतिबद्धता** को दर्शाता है।
- उद्घाटन सत्र **'टूगैदर, फॉर एवरीवन्स ग्रोथ, विद एवरीवन्स ट्रस्ट'** पर केंद्रित था, जबकि समापन सत्र में **'ग्लोबल साउथ: टुगेदर फॉर वन फ्यूचर'** पर ज़ोर दिया गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 'दक्षिण':** इस पहल का उद्घाटन भारतीय प्रधानमंत्री ने किया, जिसका उद्देश्य ज्ञानकोश तथा थिंक टैंक के रूप में कार्य करके **विकासशील देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना** है। **अतः कथन 2 सही है।**

**47. भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा विधायी ढाँचा ग्रामीण लोगों के लिये आय के अवसर प्रदान करता है?**

1. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (MGNREGA)।
2. आत्मनिर्भर भारत रोज़गार योजना (ABRY)।
3. नेशनल कॅरियर सर्विस (NCS) परियोजना।
4. दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM)।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **ग्रामीण आर्थिक व्यवधान:** वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को रोज़गार और आय के स्तर को प्रभावित करने वाली **कोविड-19 महामारी** के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

- इसके बाद **वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़ी हुई मुद्रास्फीति दरों** और **ब्याज दरों** ने ग्रामीण मांग को काफी हद तक बाधित कर दिया।
- इन कारकों ने देश भर के ग्रामीण क्षेत्रों में **रोज़गार के अवसरों और आय स्थिरता पर भारी प्रभाव डाला।**

- **संबंधित भारत सरकार की पहल जो ग्रामीण लोगों के लिए आय के अवसर प्रदान करती है:**
  - महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (MGNREGA)। अत: कथन 1 सही है।
  - आत्मनिर्भर भारत रोज़गार योजना (ABRY)। अत: कथन 2 सही है।
  - नेशनल कॅरियर सर्विस (NCS) परियोजना। अत: कथन 3 सही है।
  - दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM)। अत: कथन 4 सही है।
    - ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI)।
  - प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY)।

**48. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) पहली बार वर्ष 2020 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (NFSA) के तहत कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू की गई थी।
2. यह योजना कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न तात्कालिक संकट को कम करने हेतु पात्र राशन कार्ड धारकों को 5 किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिये डिज़ाइन की गई थी।
3. प्रारंभ में यह योजना दिसंबर 2022 में समाप्त होने वाली थी, अभी तक इस योजना को दिसंबर 2023 तक केवल एक बार बढ़ाया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) पहली बार वर्ष 2020 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (NFSA) के तहत** कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह अधिनियम कानूनी तौर पर **ग्रामीण आबादी के 75% और शहरी आबादी के 50% को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली** के तहत सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने का अधिकार देता है।
- इसे कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न तात्कालिक संकट को कम करने हेतु पात्र राशन कार्ड धारकों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिये डिज़ाइन किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रारंभ में यह योजना **दिसंबर 2022 में समाप्त** होने वाली थी, फिर इसे **दिसंबर 2023** तक बढ़ा दिया गया था और अब इसे **अतिरिक्त पाँच वर्षों के लिये आगे बढ़ा** दिया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- इस योजना के आरंभ होने के बाद से सरकार ने **3.9 लाख करोड़ रुपए** की लागत से अपने केंद्रीय खरीद पूल से 1,118 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न आवंटित किया है।

**49. चुनावी ट्रस्ट योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. चुनावी ट्रस्ट कंपनियों द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट है जिसका एकमात्र उद्देश्य अन्य कंपनियों और व्यक्तियों से प्राप्त योगदान को राजनीतिक दलों में वितरित करना है।
2. यह योजना भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा अधिसूचित की गई थी।
3. केवल कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के तहत पंजीकृत शेयरधारकों के लिये ट्रस्ट के रूप में मंज़ूरी हेतु आवेदन करने के पात्र हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चुनावी ट्रस्ट योजना, 2013**

- चुनावी ट्रस्ट योजना, 2013 को **केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT)** द्वारा अधिसूचित किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- चुनावी ट्रस्ट कंपनियों द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट है जिसका **एकमात्र उद्देश्य अन्य कंपनियों और व्यक्तियों से प्राप्त योगदान** को राजनीतिक दलों में वितरित करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- सिर्फ **कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25** के **तहत पंजीकृत कंपनियाँ** ही चुनावी ट्रस्ट के रूप में अनुमोदन के लिये आवेदन करने हेतु पात्र हैं। चुनावी ट्रस्टों को **हर तीन वित्तीय वर्ष में नवीनीकरण के लिये आवेदन करना होता है। अत: कथन 3 सही है।**
- यह योजना एक चुनावी ट्रस्ट को मंजूरी देने की प्रक्रिया तय करती है जो स्वैच्छिक योगदान प्राप्त करेगा और उसे राजनीतिक दलों में वितरित करेगा।
- चुनावी ट्रस्ट से संबंधित प्रावधान **आयकर अधिनियम, 1961** और **आयकर नियम-1962** के तहत हैं।

**50. फसल अवशेष प्रबंधन (CRM) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इस योजना के तहत किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी की खरीद के लिये वित्तीय सहायता प्राप्त होती है।
3. सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों (FPO) और पंचायतों को कस्टम हायरिंग सेंटर (CHC) की स्थापना के लिये 100% की दर से वित्तीय सहायता मिलती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**फसल अवशेष प्रबंधन (CRM) योजना:**

- **परिचय:**
  - यह किसानों और संबंधित संगठनों की सहायता करके **पराली दहन** की समस्या का समाधान करने के लिये कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत शुरू की गई एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **योजना के तहत वित्तीय सहायता:**
  - इसके अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन के तहत मशीनरी की खरीद के लिये किसानों को 50% की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों (FPO)** और पंचायतों को **कस्टम हायरिंग सेंटर (CHC)** की स्थापना के लिये 80% की दर से वित्तीय सहायता मिलती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**51. भारत के स्मार्ट सिटीज़ मिशन (SCM) की स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सूरत (गुजरात) परियोजनाओं को पूरा करने, फंड के उपयोग और समग्र मानदंडों में अग्रणी होकर शीर्ष प्रदर्शन करने वाला शहर बनकर उभरा है।
2. SCM एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे आवश्यक बुनियादी ढाँचा और स्वच्छ व टिकाऊ वातावरण प्रदान करने हेतु 100 शहरों को बदलने के लिये जून 2015 में शुरू किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत के स्मार्ट सिटीज़ मिशन की स्थिति:**

**आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय का 3 नवंबर, 2023 तक का नवीनतम डेटा, भारत के स्मार्ट सिटीज़ मिशन की स्थिति के विषय में जानकारी प्रदान करता है।**

- जैसे-जैसे मिशन की जून 2024 की समय-सीमा नज़दीक आ रही है, रिपोर्ट उच्चतम प्रदर्शन करने वाले शहरों, वित्तीय उपलब्धियाँ और परियोजना के पूरा होने के संबंध में भौगोलिक अंतर पर प्रकाश डालती है।

**भारत के स्मार्ट सिटीज़ मिशन की स्थिति से संबंधी मुख्य निष्कर्ष:**

- **परियोजनाओं को पूरा करने में अग्रणी शहर:**
  - **सूरत (गुजरात)** परियोजनाओं को पूरा करने, फंड के उपयोग और समग्र मानदंडों में अग्रणी होकर **शीर्ष प्रदर्शन करने वाला शहर बनकर उभरा है। अत: कथन 1 सही है।**
  - **आगरा (उत्तर प्रदेश), अहमदाबाद (गुजरात), वाराणसी (यूपी) और भोपाल (मध्य प्रदेश)** ने सराहनीय प्रगति दर्शाते हुए शीर्ष पाँच शहरों में स्थान हासिल किया है।
- **क्षेत्रीय असमानताएँ:**
  - **केंद्रशासित प्रदेश (UT)** और **पूर्वोत्तर राज्यों** के शहरों को निचले 10 शहरों में स्थान मिला है।

**स्मार्ट सिटीज़ मिशन:**

- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे "स्मार्ट सॉल्यूशंस" के अनुप्रयोग के माध्यम से अपने नागरिकों को जीवन की गुणवत्ता सक्षम करने के लिये आवश्यक बुनियादी ढाँचा और स्वच्छ व टिकाऊ वातावरण प्रदान करने हेतु 100 शहरों को बदलने के लिये जून 2015 में शुरू किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

- मिशन का लक्ष्य विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं के माध्यम से शहरों में रहने वाली भारत की आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करना है।

**52. अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना के तहत, चयनित प्रतिभागियों को 5 वर्ष की अवधि के लिये अग्निवीरों के रूप में नामांकित किया जाएगा।
2. अग्निपथ योजना विशेष रूप से अधिकारी रैंक के कमीशन कर्मियों पर लागू होती है।
3. इस योजना के तहत अग्निवीरों को एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज प्रदान किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
  - अग्निपथ, **देशभक्त युवाओं को सशस्त्र बलों में सेवा करने की** अनुमति देता है।
  - प्रतिभागियों, जिन्हें **अग्निवीर** कहा जाता है, का कार्यकाल **4 वर्ष** का है, जिसमें लगभग 45,000 से 50,000 सैनिकों की वार्षिक भर्ती की जाएगी।
    - चार वर्षों के बाद बैच के केवल 25% **कर्मियों** को ही उनकी संबंधित सेवाओं में 15 वर्ष के सेवा विस्तार के लिये चुना जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **पात्रता मापदंड:**
  - अग्निपथ योजना विशेष रूप से **अधिकारी रैंक से नीचे के गैर-कमीशन कर्मियों पर लागू होती है।**
    - सेना में सर्वोच्च पद कमीशन अधिकारी का होता है। वे भारतीय सशस्त्र बलों में एक विशेष रैंक रखते हैं। वे अक्सर राष्ट्रपति की संप्रभु शक्ति के अधीन आयोग में कार्य करते हैं तथा उन्हें आधिकारिक तौर पर देश की रक्षा करने का निर्देश दिया जाता है।
  - इस योजना में 17.5 से 23 वर्ष के बीच के उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र होंगे। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अग्निवीरों के लिये लाभ:**
  - 4 वर्ष की सेवा पूरी होने पर अग्निवीरों को **11.71 लाख रुपए की एकत्रित 'सेवा निधि'** प्रदान की जाएगी, जिसमें अर्जित ब्याज भी शामिल होगा।
  - साथ ही उन्हें चार वर्ष के लिये 48 लाख रुपए की जीवन बीमा सुरक्षा भी मिलेगी।
  - मृत्यु के मामले में 1 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जाएगा, जिसमें सेवा की शेष अवधि का वेतन भी शामिल होगा।
  - चार वर्ष बाद नौकरी छोड़ने वाले सैनिकों के पुनर्वास में सरकार मदद करेगी। उन्हें कौशल प्रमाणपत्र और ब्रिज कोर्स उपलब्ध कराया जाएगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**53. प्रधानमंत्री-विरासत का संवर्द्धन (PM विकास) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विशेष रूप से देश भर में अल्पसंख्यक समुदायों के लिये कौशल, उद्यमशीलता एवं नेतृत्व प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करने वाली एक पहल है।
2. इसे स्किल इंडिया पोर्टल (SIP) के साथ एकीकरण के माध्यम से 'स्किल इंडिया मिशन' के संयोजन में लागू किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **प्रधानमंत्री-विरासत का संवर्द्धन (PM विकास):** इस परियोजना के लिये वर्ष 2023 में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के बजट में प्रावधान किया गया है।
  - यह देश भर में अल्पसंख्यक और कारीगर समुदायों की कौशल, उद्यमिता तथा नेतृत्व प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करने वाली एक कौशल पहल है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इस योजना को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के **'स्किल इंडिया मिशन'** के संयोजन में **स्किल इंडिया पोर्टल** (SIP) के साथ एकीकृत करके लागू किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**54. मौजूदा 'आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (AB-HWCs)' का नाम बदलकर निम्नलिखित में से कौन-सा कर दिया गया है?**

A. आयुष्मान आरोग्य मंदिर
B. आयुष्मान भारत मंदिर
C. आयुष्मान स्वास्थ्य मंदिर
D. आयुष्मान आरोग्य केंद्र

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर: स्वास्थ्य सेवा में परिवर्तन**

- केंद्र सरकार ने मौजूदा **आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों** (AB-HWCs) का नाम बदलकर **'आरोग्यम परमं धनम्' टैग-लाइन के साथ 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर'** करने का निर्णय लिया है। **अत: विकल्प A सही है।**
  - आयुष्मान भारत का लक्ष्य **चयनात्मक स्वास्थ्य सेवा के स्थान पर निवारक, प्रोत्साहनकारी, उपचारात्मक, पुनर्वास और उपशामक देखभाल को** शामिल करते हुए सेवाओं की एक पूरी नई श्रृंखला की शुरुआत करना है। इसमें दो घटक शामिल हैं:
    - **पहला:** नि:शुल्क व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिये 1,50,000 **स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों** का निर्माण, समुदाय स्तर पर कल्याण तथा सेवाओं की वृहत श्रृंखला पर बल देना।
    - **दूसरा: प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना** (PM-JAY), इसके तहत माध्यमिक और तृतीयक देखभाल के लिये 10 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है।

**55. जल जीवन मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जल शक्ति मंत्रालय के तहत एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य भारत में हर घर तक पाइप से जल की पहुँच सुनिश्चित करना है।
2. जल जीवन मिशन विभिन्न जल संरक्षण प्रयासों जैसे प्वाइंट रिचार्ज, छोटे सिंचाई टैंकों की गाद निकालना और स्रोत स्थिरता पर आधारित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**जल जीवन मिशन:**

- जल जीवन मिशन **जल शक्ति मंत्रालय के तहत एक केंद्र प्रायोजित योजना** है, जिसका उद्देश्य भारत में हर घर तक पाइप से जल की पहुँच सुनिश्चित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जल जीवन मिशन **विभिन्न जल संरक्षण प्रयासों** जैसे प्वाइंट रिचार्ज, छोटे सिंचाई टैंकों से गाद निकालना, कृषि और स्रोत स्थिरता के लिये ग्रेवाटर (सिंक, रसोई से अपशिष्ट जल) का उपयोग पर आधारित है। यह पानी के प्रति सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित होगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**56. विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विझिंजम इंटरनेशनल ट्रांसशिपमेंट डीपवाटर मल्टीपर्पज़ सीपोर्ट केरल सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना है।
2. इसे वर्तमान में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के साथ डिज़ाइन, निर्माण, वित्तपोषण, संचालन और अंतरण ("DBFOT") आधार पर संरचित घटक के साथ विकसित किया जा रहा है।
3. यह कोलंबो, सिंगापुर और दुबई जैसे वैश्विक ट्रांसशिपमेंट केंद्रों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने की स्थिति में है, जिससे विदेशी गंतव्यों तक कंटेनर आवाजाही की लागत कम हो जाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विझिंजम इंटरनेशनल ट्रांसशिपमेंट डीपवाटर मल्टीपर्पज़ सीपोर्ट **केरल सरकार** द्वारा शुरू की गई एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे वर्तमान में **सार्वजनिक निजी भागीदारी** के साथ **डिज़ाइन, निर्माण, वित्तपोषण, संचालन और अंतरण** ("DBFOT") आधार पर **संरचित घटक के साथ विकसित किया जा रहा** है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह **कोलंबो, सिंगापुर और दुबई** जैसे वैश्विक ट्रांसशिपमेंट केंद्रों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने की स्थिति में है, जिससे विदेशी गंतव्यों तक **कंटेनर आवाजाही की लागत** कम हो जाएगी। **अत: कथन 3 सही है।**

**57. अग्निवीरों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अग्निवीरों को अग्निपथ योजना के माध्यम से तीनों सेवाओं (सेना, नौसेना और वायु सेना) में भर्ती किया जाता है।
2. परिवार को अग्निवीर की मृत्यु की तारीख से शेष कार्यकाल के लिये 13 लाख रुपए से अधिक का भुगतान भी मिलता है, साथ ही सशस्त्र बल युद्ध हताहत कोष से 8 लाख रुपए का योगदान भी मिलता है।

3. सेवा निधि एक ऐसी योजना है जिसमें अग्निवीर द्वारा लगभग 30% योगदान दिया जाता है और भारत सरकार द्वारा भी उतना ही योगदान दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **अग्निवीरों को अग्निपथ योजना** के माध्यम से **तीनों सेवाओं (सेना, नौसेना और वायु सेना)** में भर्ती किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **देशभक्त और प्रेरित युवाओं को चार वर्ष की अवधि के लिये सशस्त्र बलों में सेवा करने** की अनुमति देता है।
- **परिवार को अग्निवीर** की मृत्यु की तारीख से शेष कार्यकाल के लिये **13 लाख रुपए** से अधिक का भुगतान भी मिलता है, साथ ही **सशस्त्र बल युद्ध हताहत कोष (Armed Forces Battle Casualty Fund) से 8 लाख रुपए** का योगदान भी मिलता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अग्निवीर का परिवार** कई प्रकार के मुआवज़े का हकदार है, जिसमें **48 लाख रुपये की गैर-अंशदायी बीमा राशि भी** शामिल है।
- सेवा निधि एक ऐसी योजना है जिसमें **अग्निवीर** द्वारा लगभग **30% योगदान** दिया जाता है और **भारत सरकार द्वारा भी उतना ही योगदान** दिया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**58. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का उद्देश्य खेती के लिये जल की पहुँच में वृद्धि करना, सुनिश्चित सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करना था।
2. यह वर्ष 2015 में शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
3. इसमें त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम और ऑन-फार्म जल प्रबंधन योजनाओं को एकीकृत किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY):**

- इस योजना को वर्ष 2015 में खेती के लिये पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करने, जल उपयोग दक्षता में सुधार करने तथा **सतत् जल संरक्षण प्रथाओं को बढ़ावा देने** के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है, जिसमें केंद्र-राज्यों के बीच हिस्सेदारी का अनुपात 75:25 होगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा पहाड़ी राज्यों के मामले में यह हिस्सेदारी 90:10 के अनुपात में होगी।
- वर्ष 2020 में **जल शक्ति मंत्रालय** ने PMKSY के तहत परियोजनाओं के घटकों की **जियो-टैगिंग के लिये एक मोबाइल एप्लीकेशन** लॉन्च किया।
- इसे निम्नलिखित योजनाओं को मिलाकर तैयार किया गया था:
  - **त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (AIBP)**- जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय (अब जल शक्ति मंत्रालय)।
  - **एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम (Integrated Watershed Management Programme-IWMP)**- भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय।
  - **ऑन-फार्म जल प्रबंधन** (OFWM)- कृषि और सहकारिता विभाग (DAC)। **अतः कथन 3 सही है।**

**59. राष्ट्रीय गोकुल मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. इस मिशन को दिसंबर 2014 से स्वदेशी गोजातीय नस्लों के विकास और संरक्षण के लिये लागू किया गया है।
2. यह योजना 2400 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ वर्ष 2021 से वर्ष 2026 तक अम्ब्रेला योजना राष्ट्रीय पशुधन विकास योजना के तहत भी जारी है।
3. राष्ट्रीय गोकुल मिशन के लिये ज़िम्मेदार नोडल मंत्रालय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय है।
4. मिशन का एक उद्देश्य प्रजनन उद्देश्यों के लिये उच्च आनुवंशिक योग्यता वाले बैलों के उपयोग को कम करना है।

**निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 1 और 4
D. केवल 1 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय गोकुल मिशन:**

- **परिचय:**
  - इसे दिसंबर 2014 से स्वदेशी गोजातीय नस्लों के विकास और संरक्षण के लिये लागू किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह योजना 2400 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ वर्ष 2021 से वर्ष 2026 तक अम्ब्रेला योजना राष्ट्रीय पशुधन विकास योजना के तहत भी जारी है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **नोडल मंत्रालय:**
  - मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **उद्देश्य:**
  - उन्नत तकनीकों का उपयोग करके गोवंश की उत्पादकता और दुग्ध उत्पादन को स्थायी रूप से बढ़ाना।
  - प्रजनन उद्देश्यों के लिये उच्च आनुवंशिक योग्यता वाले बैलों के उपयोग को बढ़ावा देना। **अतः कथन 4 सही नहीं है।**
  - प्रजनन नेटवर्क को मज़बूत करने और किसानों तक कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं की डिलीवरी के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान कवरेज को बढ़ाना।
  - वैज्ञानिक और समग्र तरीके से स्वदेशी मवेशी तथा भैंस पालन एवं संरक्षण को बढ़ावा देना।

**60. स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (APAAR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 'एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी' पहल का हिस्सा है।
2. APAAR डिजिलॉकर के प्रवेश द्वार के रूप में भी कार्य करेगा।
3. पहल के तहत प्रत्येक छात्र को केवल 14 वर्षों के लिये एक APAAR आईडी मिलेगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**हाल ही में कई राज्य सरकारों ने स्कूलों से विद्यार्थियों के लिये एक नए पहचान पत्र बनाने हेतु माता-पिता की सहमति लेने का अनुरोध किया, जिसे स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (Automated Permanent Academic Account Registry- APAAR) के रूप में जाना जाता है।**

- यह केंद्र सरकार की **'एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी'** पहल का हिस्सा है, जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पर आधारित है।
- **अतः कथन 1 सही है।**
- APAAR **डिजिलॉकर के प्रवेश द्वार के रूप में भी कार्य** करेगा। डिजिलॉकर एक डिजिटल प्रणाली है जहाँ छात्र अपने महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ और उपलब्धियाँ, जैसे- परीक्षा परिणाम एवं रिपोर्ट कार्ड संगृहीत कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- पहल के तहत प्रत्येक विद्यार्थी को **एक लाइफटाइम APAAR आईडी** मिलेगी, जिससे शिक्षार्थियों, स्कूलों और सरकारों के लिये पूर्व-प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक शैक्षणिक प्रगति को ट्रैक करना आसान हो जाएगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'हर खेत को पानी' (HKKP) जल जीवन मिशन योजना का हिस्सा है।
2. वर्ष 2020 में जल शक्ति मंत्रालय ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) के तहत परियोजनाओं के घटकों की जियो-टैगिंग हेतु एक मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY):**

- PMKSY को वर्ष 2015 में खेती के लिये पानी तक पहुँच बढ़ाने, सुनिश्चित सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करने, जल उपयोग दक्षता में सुधार करने तथा **स्थायी जल संरक्षण प्रथाओं को बढ़ावा देने के** लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था।
- यह एक **केंद्र प्रायोजित योजना (कोर स्कीम)** है, जहाँ केंद्र-राज्य की हिस्सेदारी 75:25 होगी।
  - उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और पहाड़ी राज्यों के मामले में यह अनुपात 90:10 रहेगा।
- **जल शक्ति मंत्रालय ने** वर्ष 2020 में PMKSY के तहत परियोजनाओं के घटकों की **जियो-टैगिंग (Geo-Tagging)** हेतु एक मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया। **अतः कथन 2 सही है।**

- **हर खेत को पानी ( Har Khet ko Pani- HKKP ) इस योजना का एक घटक** है जिसका उद्देश्य **लघु सिंचाई के माध्यम से नए जल स्रोत निर्मित** करना है। जल निकायों की मरम्मत, बहाली और नवीनीकरण, पारंपरिक जल स्रोतों की वहन क्षमता को मज़बूत करना, **वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण। अतः कथन 1 सही नहीं है।**

**62. 'राष्ट्रीय वयोश्री योजना' के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

1. यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रशासित है।
2. यह भारत की संचित निधि से वित्त पोषित एक केंद्रीय योजना है।
3. यह किसी भी (जाति) श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त उपकरण प्रदान करता है जो उन्हें वहन करने में असमर्थ हैं।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये:**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय वयोश्री योजना:**

- **परिचय:**
  - इसे वर्ष 2017 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
  - यह **वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष** से वित्तपोषित केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह योजना **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत कृत्रिम अंग निर्माण निगम ( ALIMCO )**, एक सार्वजनिक उपक्रम (Public Sector Undertaking) द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **विशेषताएँ:**
  - योजना के लिये पात्रता मानदंड इस प्रकार है: **वरिष्ठ नागरिक, गरीबी रेखा से नीचे ( BPL )** की श्रेणी और उम्र से संबंधित अक्षमता/असमर्थता से पीड़ित व्यक्ति। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - यह योजना पात्र वरिष्ठ नागरिकों को उनकी विकलांगता या दुर्बलता के अनुरूप नि:शुल्क उपकरण वितरित करने का कार्य करती है।
    - योजना के तहत समर्थित उपकरण: इसके तहत चलने के लिये प्रयोग की जाने वाली छड़ी, कोहनी की बैसाखी, वॉकर/बैसाखी, ट्राइपॉड/क्वाड पॉड, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, कृत्रिम दाँत और चश्मा प्रदान किये जाते हैं।

**63. निम्नलिखित में से कौन PM-WANI योजना की सबसे अच्छी व्याख्या करता है ?**

A. यह खुदरा व थोक दुकानदार, चाय की दुकान अथवा किराना स्टोर के मालिकों को सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट सेवा प्रदाता बनकर ग्राहकों को इंटरनेट सेवा प्रदान करने में सक्षम बनाती है।
B. यह बुनियादी अवसंरचनाओं, संकाय भर्ती प्रक्रिया और अनुसंधान सुविधाओं में सुधार के लिये राज्य के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को वित्तपोषण प्रदान करने के लिये एक शैक्षणिक विकास योजना है।
C. यह एक महिला-केंद्रित कल्याण कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित समुदायों की महिलाओं के समग्र विकास के लिये अनुकूल वातावरण का निर्माण करना है।
D. यह एक कृषि विकास योजना है जिसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में जल-उपयोग दक्षता में सुधार करना है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस ( PM WANI ):**

- **दिसंबर 2020 में दूरसंचार विभाग** (DoT) द्वारा लॉन्च की गई **पीएम-वाणी ( PM-WANI )**, देश भर में, **विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में एक मज़बूत डिजिटल संचार अवसंरचना स्थापित करने के लिये सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट तक पहुँच में वृद्धि** के उद्देश्य से शुरू की गई एक प्रमुख योजना है।
  - PM-WANI भारत के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।
- यह **खुदरा व थोक दुकानदार, चाय की दुकान अथवा किराना स्टोर के मालिकों को सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट सेवा प्रदाता बनकर ग्राहकों को इंटरनेट सेवा प्रदान** करने में सक्षम बनाती है।
- अत: विकल्प A सही है।

**64. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की प्रमुख योजना है।
2. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (उज्ज्वला 2.0) के चरण 2 का लक्ष्य गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवारों की 50 मिलियन महिलाओं को LPG कनेक्शन प्रदान करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **खाना पकाने के लिये** लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले आदि **ईंधनों का उपयोग करने वाले ग्रामीण और वंचित परिवारों को LPG जैसे स्वच्छ इंधन उपलब्ध कराने** के उद्देश्य से **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय** ने एक प्रमुख योजना के रूप में **'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना'** की शुरुआत की। **अतः कथन 1 सही है।**
- **लक्ष्य:**
  - **उज्ज्वला 1.0** के तहत **मार्च 2020 तक गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की 50 मिलियन महिलाओं को LPG कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया** था। हालाँकि अगस्त 2018 में सात अन्य श्रेणियों की महिलाओं को इस योजना के दायरे में लाया गया।
    - ये श्रेणियाँ हैं: एससी/एसटी, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आने वाले लाभार्थी, अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थी, वनवासी, सबसे पिछड़े वर्ग, चाय बागान और द्वीप समूह के परिवार।
  - **उज्ज्वला 2.0** के तहत **मौजूदा लाभार्थियों को अतिरिक्त 10 मिलियन LPG कनेक्शन** प्रदान किये जाएंगे। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - सरकार ने 50 ज़िलों को कवर करते हुए 21 लाख घरों तक पाइप से गैस पहुँचाने का लक्ष्य रखा है।

**65. प्रश्न 4. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NMCG को राष्ट्रीय गंगा नदी कायाकल्प, संरक्षण और प्रबंधन परिषद द्वारा कार्यान्वित किया जाता है जिसे राष्ट्रीय गंगा परिषद के रूप में भी जाना जाता है।
2. केंद्रीय जल शक्ति मंत्री राष्ट्रीय गंगा परिषद का अध्यक्ष है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन:**

- 12 अगस्त, 2011 को NMCG को **सोसायटी पंजीकरण अधिनियम (Societies Registration Act), 1860** के तहत **एक सोसायटी के रूप** में सूचीबद्ध किया गया था।
- NMCG को राष्ट्रीय गंगा नदी के पुनरुद्धार, संरक्षण एवं प्रबंधन परिषद द्वारा कार्यान्वित किया जाता है जिसे राष्ट्रीय गंगा परिषद के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**

**संगठन संरचना:**

- इस अधिनियम में गंगा नदी में प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं कमी के उपाय करने के लिये राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तर पर पाँच स्तरीय संरचना की परिकल्पना की गई है:
  - भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गंगा परिषद। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री (जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग) की अध्यक्षता में गंगा नदी पर सशक्त कार्य बल (ETF)।
  - राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG)।
  - राज्य गंगा समितियाँ
  - राज्यों में गंगा नदी तथा उसकी सहायक नदियों से सटे प्रत्येक निर्दिष्ट ज़िले में ज़िला गंगा समितियाँ।

**66. प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें केवल ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं और खाता खोलने वालों को स्वदेशी डेबिट कार्ड (RuPay कार्ड) प्रदान किया जाता है।
2. गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने PMJDY की सफलता को स्वीकार करते हुए प्रमाणित किया है कि "वित्तीय समावेशन अभियान के हिस्से के रूप में एक सप्ताह में खोले गए अधिकांश बैंक खाते" भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा हासिल किये गए थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. एक और दो दोनों

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) ने सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के नौ वर्ष पूरे कर लिये हैं।**

- इसे 28 अगस्त, 2014 को लॉन्च किया गया था और यह कमज़ोर एवं आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को सस्ती वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने के लिये **वित्त मंत्रालय** के नेतृत्व में **विश्व स्तर** पर **सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन** पहलों में से एक है।
- **परिचय:**
    - PMJDY प्रत्येक परिवार के लिये कम-से-कम एक बुनियादी बैंकिंग खाता, वित्तीय साक्षरता और ऋण, बीमा तथा पेंशन सुविधाओं तक पहुँच के साथ **बैंकिंग सुविधाओं तक सार्वभौमिक पहुँच** के लिये एक मंच प्रदान करता है।
- **PMJDY की विशेषताएँ:**
    - इसका उद्देश्य शाखाओं और बैंकिंग संवाददाताओं (BC) के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करना है।
        - इसमें शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र शामिल किये गए हैं तथा खाता खोलने वालों को स्वदेशी **डेबिट कार्ड (RuPay कार्ड)** प्रदान किया जाता है।**अत: कथन 1 सही नहीं है।**
        - PMJDY खातों में कोई न्यूनतम शेष राशि बनाए रखने की कोई आवश्यकता नहीं होती है।
- **उपलब्धियाँ:**
    - जन धन खातों के माध्यम से **50 करोड़ से अधिक** लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में शामिल किया गया है।
        - इनमें से लगभग 67% खाते ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं।
        - इन खातों के लिये लगभग **34 करोड़ RuPay कार्ड** जारी किये गए हैं, जो **2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर** प्रदान करते हैं।

**गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने PMJDY की सफलता को स्वीकार करते हुए प्रमाणित किया है कि "वित्तीय समावेशन अभियान के हिस्से के रूप में एक सप्ताह में 18,096,130 बैंक खाते खोले गए हैं और यह सफलता भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा हासिल की गई।"**

**अत: कथन 2 सही है।**

**67. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी।
2. PMMSY को वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25 तक पाँच वर्ष की अवधि के लिये सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों में लागू किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY)" **मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत मत्स्य पालन विभाग द्वारा** शुरू की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- PMMSY को वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25 तक पाँच वर्ष की अवधि के लिये सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों में लागू किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**68. राष्ट्रीय डिजिटल शिक्षा वास्तुकला (NDEAR) के तहत विद्या समीक्षा केंद्रों (VSK) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. छात्रों को ऑन-डिमांड शिक्षण सामग्री प्रदान करना

B. अधिगम परिणामों में सुधार के लिये डेटा और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना

C. शिक्षकों को पाठ योजनाओं के लिये ऑनलाइन सहायता प्रदान करना

D. उच्च शिक्षा के लिये छात्रों के पारगमन को ट्रैक करना

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय डिजिटल शिक्षा वास्तुकला (NDEAR)** के तहत **विद्या समीक्षा केंद्रों (VSK)** का **प्राथमिक उद्देश्य अधिगम के परिणामों में महत्त्वपूर्ण सुधार लाने के लिये डेटा और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना है। अत: विकल्प B सही है।**
- इस पहल का लक्ष्य देश भर में 15 लाख से अधिक स्कूलों, 96 लाख शिक्षकों और लगभग 26 करोड़ छात्रों के डेटा को कवर करना है। बड़े डेटा विश्लेषण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग का उपयोग करके, यह तंत्र इस डेटा का सार्थक विश्लेषण करेगा।

- इसका लक्ष्य शिक्षा प्रणाली की समग्र निगरानी को बढ़ाना है, जिससे अधिगम के परिणामों में सुधार हो सके।
  - "अधिगम के परिणामों में सुधार के लिये डेटा और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना,"विद्या समीक्षा केंद्रों के केंद्रीय उद्देश्य को सटीक रूप से दर्शाता है। यह अधिगम के परिणामों की बेहतरी हेतु शैक्षिक डेटा का विश्लेषण करने के लिये उन्नत प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर प्रकाश डालता है।

**69. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे सितंबर 2022 में लॉन्च किया गया था और यह प्रमुख आयुष्मान भारत योजना के अनुरूप भारत के डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे को बढ़ाने के लिये एक राष्ट्रीय पहल है।
2. वर्ष 2023 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन को तेज़ी से ट्रैक करने के लिये "100 माइक्रोसाइट्स" पहल की शुरुआत की, जिसमें केरल ने उद्घाटन परिचालन ABDM माइक्रोसाइट की स्थापना करके अग्रणी भूमिका निभाई।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न ही 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM)** एक राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य देश के डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे को विकसित करना है। इसे सितंबर 2021 में लॉन्च किया गया था।
  - आयुष्मान भारत, भारत की एक प्रमुख योजना है जिसे यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (UHC) के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिये राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 की सिफारिश के अनुसार लॉन्च किया गया था।
  - **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) ने "**100 माइक्रोसाइट्स**" परियोजना का अनावरण किया है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) को अपनाने में तेज़ी लाना है।
  - **मिज़ोरम** ने अपनी राजधानी आइज़ोल में एबीडीएम माइक्रोसाइट संचालित करने वाला पहला राज्य बनकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।
  - **अतः कथन 2 सही है।**

**70. भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत NCAP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अनिवार्य कार्यक्रम है जिसके लिये सभी यात्री वाहनों को क्रैश परीक्षण प्रक्रियाओं से गुजरना और सुरक्षा रेटिंग प्राप्त करना आवश्यक है।
2. यह तीन मापदंडों के आधार पर वाहनों का मूल्यांकन करता है: वयस्क यात्रियों की सुरक्षा, छोटे बच्चों की सुरक्षा और सुरक्षा में सहायक प्रौद्योगिकियाँ।
3. यह उन यात्री वाहनों पर लागू होता है जिनमें चालक की सीट के अलावा नौ से अधिक सीटें नहीं होती हैं और वाहन का कुल वजन 4,000 किलोग्राम से अधिक नहीं होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (Bharat NCAP):**

- **परिचय:** इसके तहत वाहनों, विशेष रूप से **यात्रियों द्वारा** उपयोग में लाई जाने वाली **कारों** को दुर्घटना से बचाने के लिये **उनका सख्त नियमों के तहत क्रैश टेस्ट किया** जाएगा और जल्द ही प्रकाशित होने वाले ऑटोमोटिव उद्योग मानक 197 में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें एक से पाँच स्टार तक की सुरक्षा रेटिंग दी जाएगी।
  - यह कार्यक्रम उन यात्री वाहनों पर लागू होता है जिनमें चालक की सीट के अतिरिक्त **आठ से अधिक सीटें नहीं होती** और वाहन का **कुल वज़न 3,500 किलोग्राम** से अधिक नहीं होता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - इस परीक्षण प्रक्रिया में **फ्रंटल ऑफसेट टेस्ट, साइड इम्पैक्ट टेस्ट और पोल-साइड इम्पैक्ट टेस्ट** शामिल हैं।
    - यह रेटिंग उपभोक्ताओं को वाहन के क्रैश टेस्ट सुरक्षा मानकों की स्पष्ट जानकारी प्रदान करेगा।
  - वैसे तो **भारत NCAP** के तहत वाहन की टेस्टिंग कराना **अनिवार्य नहीं** है, लेकिन यह विनिर्माताओं को अपने वाहनों को परीक्षण के लिये नामांकित करने हेतु प्रोत्साहित करता है ताकि भारतीय बाज़ार में सुरक्षित कारों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- **परीक्षण पैरामीटर:** भारत NCAP तीन महत्त्वपूर्ण मापदंडों के आधार पर वाहनों का मूल्यांकन करता है:
  - **वयस्क यात्रियों की सुरक्षा:** यह पैरामीटर दुर्घटना की स्थिति में वाहन द्वारा वयस्क यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुरक्षा के स्तर का आकलन करता है।
  - **छोटे बच्चों की सुरक्षा:** छोटे बच्चों की सुरक्षा भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है जितनी कि वयस्कों की। यह पैरामीटर दुर्घटना के दौरान बच्चों की सुरक्षा के मामले में वाहन की प्रभावशीलता का आकलन करता है।
  - **सुरक्षा में सहायक प्रौद्योगिकियाँ:** आधुनिक वाहन कई प्रकार की सुरक्षा सहायक प्रौद्योगिकियों से लैस होते हैं। यह पैरामीटर दुर्घटनाओं को रोकने अथवा उनके प्रभाव को कम करने में इन प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता और प्रभावशीलता की जाँच करता है।
    - **अत: कथन 2 सही है।**

**71. मिशन अमृत सरोवर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मिशन अमृत सरोवर को विश्व जल दिवस समारोह के हिस्से के रूप में मार्च 2023 में लॉन्च किया गया था।
2. भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान (BISAG-N) को मिशन अमृत सरोवर के लिये तकनीकी भागीदार के रूप में नियुक्त किया गया है।
3. मिशन का लक्ष्य जल परिदृश्य को बदलना, आजीविका में सुधार करना और आने वाली पीढ़ियों के लिये पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 24 अप्रैल, 2022 को **स्वतंत्रता के 75वें वर्ष** पर भारत की **"आज़ादी का अमृत महोत्सव" समारोह** के हिस्से के रूप में **मिशन अमृत सरोवर** लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान** (Bhaskaracharya National Institute for Space Application and Geo-informatics- BISAG-N) को मिशन का तकनीकी भागीदार बनाया गया है। **अत: कथन 2 सही है**
- **BISAG-N 1860 के सोसायटी पंजीकरण अधिनियम (Societies Registration Act) के तहत पंजीकृत एक स्वायत्त वैज्ञानिक सोसायटी है।** यह इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आती है।
- सहयोग के माध्यम से जल सुरक्षा:
  - सरकारी एजेंसियों, तकनीकी भागीदारों और स्थानीय लोगों के बीच सहयोग इस मिशन की पहचान है जो जल सुरक्षा के बहुमुखी दृष्टिकोण पर बल देता है।
  - इस मिशन का उद्देश्य **जल के आस-पास के प्राकृतिक परिवेश को बदलना, आजीविका में सुधार करना और भावी पीढ़ियों के लिये जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना** है। **अत: कथन 3 सही है।**

**72. 'पीएम ई-बस सेवा' योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना के तहत सिटी बस संचालन, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल पर किया जाएगा।
2. राज्य बस सेवाओं के संचालन तथा बस ऑपरेटरों को भुगतान करने के लिये ज़िम्मेदार होंगे।
3. इन बस संचालन को केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी के प्रावधान के माध्यम से समर्थन नहीं दिया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इस योजना के तहत सिटी बस संचालन, **पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (Public Private Partnership-PPP) मॉडल** पर किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- **राज्य/शहर बस सेवाएँ** के संचालन और **बस ऑपरेटरों** को भुगतान करने के लिये **ज़िम्मेदार** होंगे। **अत: कथन 2 सही है।**
- **केंद्र सरकार** प्रस्तावित योजना में निर्दिष्ट सीमा तक **सब्सिडी** प्रदान करके इन **बस संचालन** का समर्थन करेगी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**73. 'पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. यह विशेष रूप से औद्योगिक गलियारों की प्रगति पर केंद्रित है।
2. इसका डिजिटल प्लेटफॉर्म बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के लिये एकीकृत मंच प्रदान करता है।

3. इस योजना का उद्देश्य कार्गो क्षमता में वृद्धि और टर्नअराउंड समय को कम करके बंदरगाह व्यापार में वृद्धि करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ज़मीनी स्तर पर काम में तेज़ी लाने, लागत में कटौती करने और रोज़गार सृजन करने पर केंद्रित होने के साथ **"पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान"** का उद्देश्य **बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का एकीकृत योजना निर्माण और कार्यान्वयन सुनिश्चित करना** है।
- यह औद्योगिक और रक्षा दोनों गलियारों की प्रगति पर केंद्रित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस योजना में 2019 में शुरू की गई राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन को शामिल किया गया है।
- इसका डिजिटल प्लेटफॉर्म बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के लिये एकीकृत मंच प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस योजना का उद्देश्य कार्गो क्षमता में वृद्धि और टर्नअराउंड समय को कम करके बंदरगाह व्यापार में वृद्धि करना है। **अत: कथन 3 सही है।**

**74. संकल्प एवं स्ट्राइव निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. शिक्षा एवं उद्योग हेतु कौशल संवर्द्धन योजना

B. आयकर विभाग द्वारा जागरूकता अभियान

C. पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिये विकास परियोजना

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **संकल्प और स्ट्राइव** दोनों **कौशल अंतर को दूर करने,** कार्यबल की उत्पादकता बढ़ाने तथा उद्योग की ज़रूरतों के साथ कौशल विकास को जोड़कर सतत् आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के **भारत के प्रयासों** के अभिन्न अंग हैं।
  - **अत: विकल्प A सही है।**
- **संकल्प:**
  - संकल्प (SANKALP) का तात्पर्य "आजीविका संवर्द्धन के लिये कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता" से है।
  - यह कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (Ministry of Skill Development and Entrepreneurship- MSDE) के तहत एक प्रमुख कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य व्यक्तियों को मांग-संचालित और परिणाम-उन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है।
  - यह कार्यक्रम कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं की रोज़गार क्षमता और आजीविका की संभावनाओं को बढ़ाने पर केंद्रित है।
  - संकल्प, कौशल प्रशिक्षण को उद्योग की आवश्यकताओं और श्रम बाज़ार की मांग के साथ संरेखित करना, व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देना तथा एक कुशल कार्यबल तैयार करना चाहता है।
- **स्ट्राइव:**
  - स्ट्राइव (STRIVE) का तात्पर्य "औद्योगिक मूल्य संवर्द्धन के लिये कौशल सुदृढ़ीकरण" से है।
  - संकल्प की तरह स्ट्राइव भी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की एक पहल है।
  - स्ट्राइव का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, उद्योग सहभागिता तथा व्यावसायिक शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करके व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं शिक्षा की प्रासंगिकता और दक्षता में सुधार करना है।
  - इसका लक्ष्य प्रशिक्षण संस्थानों की क्षमताओं को बढ़ाना, उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा कौशल विकास और रोज़गार के बीच संबंध को मज़बूत करना है।

**75. राष्ट्रीय गोकुल मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस मिशन का नोडल मंत्रालय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय है।
2. यह योजना 2021 से 2026 तक छत्र योजना राष्ट्रीय पशुधन विकास योजना के तहत जारी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय गोकुल मिशन:**

- **परिचय:**
  - इसे **दिसंबर 2014 से स्वदेशी गोजातीय नस्लों के विकास और संरक्षण के लिए लागू किया गया है।**

- यह योजना 2400 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय के साथ **2021 से 2026 तक छत्र योजना राष्ट्रीय पशुधन विकास योजना के तहत भी जारी है। अतः कथन 2 सही है**
- **नोडल मंत्रालय:**
  - मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **उद्देश्य:**
  - उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके **गोवंश की उत्पादकता बढ़ाना और दूध उत्पादन** को स्थायी तरीके से बढ़ाना।
  - **प्रजनन उद्देश्यों के लिये उच्च आनुवंशिक साँडों का उपयोग** करना।
  - प्रजनन नेटवर्क को मज़बूत करने और किसानों के दरवाज़े पर **कृत्रिम गर्भाधान** सेवाओं की डिलीवरी के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान कवरेज को बढ़ाना।
  - वैज्ञानिक और समग्र तरीके से **स्वदेशी गाय और भैंस पालन** एवं संरक्षण को बढ़ावा देना।

**76. अटल भूजल योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सथायी भूजल प्रबंधन की सुवधि‍ा के लयि‍े एक केंद्र प्रायोजति योजना है।
2. इस योजना को भारत सरकार और एशयिाई वकिास बैंक द्वारा संयुक्त रूप से वत्ति‍पोषति कयिा जा रहा है।
3. इसे भारत के सभी राज्यों में जल संकटग्रस्त ग्राम पंचायतों में लागू कयिा जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **अटल भूजल योजना** 6000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ स्थायी भूजल प्रबंधन की सुविधा के लिये **केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें से 3,000 करोड़ रुपए विश्व बैंक से लिया गया ऋण है और शेष 3,000 करोड़ रुपए का योगदान भारत सरकार द्वारा किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अटल भूजल योजना का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से देश के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में भूजल प्रबंधन में सुधार करना है।
- यह योजना जागरूकता पैदा करने, क्षमता निर्माण, विभिन्न योजनाओं के साथ तालमेल और बेहतर कृषि पद्धतियों पर केंद्रित है।
- **हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की 8220 जल संकटग्रस्त ग्राम पंचायतों** से इस योजना की शुरुआत की जा रही है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**77. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 2023 में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) योजना को "प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (PM-USHA)" के रूप में फिर से लॉन्च किया गया है।
2. PM-USHA एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (C)**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) योजना को जून 2023 में "प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान PM-USHA" के रूप में फिर से लॉन्च किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- RUSA, एक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में अक्तूबर 2013 में शुरू की गई थी, जिसका लक्ष्य पूरे देश में उच्च शिक्षा संस्थानों को रणनीतिक वित्तपोषण प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**78. कथन-I:** अपस्फीति का तात्पर्य अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं के समग्र मूल्य स्तर में निरंतर और सामान्य कमी से है।

**कथन-II:** अपस्फीति के दौरान उपभोक्ताओं को समय के साथ समान राशि से कम सामान और सेवाएँ खरीदनी पड़ती हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर:C**

**व्याख्या:**

- अपस्फीति मुद्रास्फीति के विपरीत है। यह **अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं के समग्र मूल्य स्तर में निरंतर और सामान्य कमी** को संदर्भित करती है। **अतः कथन-I सही है।**
- अपस्फीति के दौरान उपभोक्ता **समय के साथ समान राशि से अधिक सामान और सेवाएँ खरीद सकते हैं। अतः कथन-II सही नहीं है।**

79. **'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसकी शुरुआत राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की कृषि उप-समिति की सिफारिशों पर की गई है।
2. इसे मुख्य रूप से चावल, गेहूँ, दलहन जैसी लक्षित फसलों के उत्पादन में धारणीय वृद्धि के साथ कदन्न, पोषक अनाज और तिलहन तक विस्तारित किया गया।
3. कृषि उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा बढ़ाने के लिये उच्च उपज वाली किस्मों को विकसित, उत्पादित और किसानों को वितरित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एक केंद्र प्रायोजित योजना है** जिसकी शुरुआत वर्ष 2007 में **राष्ट्रीय विकास परिषद** की **कृषि उप-समिति** की सिफारिशों के आधार पर की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे मुख्य रूप से **चावल, गेहूँ, दलहन जैसी लक्षित फसलों** के उत्पादन में धारणीय वृद्धि के साथ **कदन्न, पोषक अनाज और तिलहन तक विस्तारित** किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- **कृषि उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा** बढ़ाने के लिये उच्च उपज वाली किस्मों को **विकसित, उत्पादित और किसानों को वितरित** किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

80. **आयुष्मान भारत-PMJAY के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक पात्रता-आधारित योजना है जो नवीनतम सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी), 2011 डेटा द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित करती है।
2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) एक नोडल एजेंसी है जिसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत एक स्वायत्त इकाई के रूप में गठित किया गया है।
3. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) ने राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को उन अन्य डेटाबेस का उपयोग करने का विकल्प दिया है जिनमें उन परिवारों को कवर करने के लिये लोगों की पृष्ठभूमि और आर्थिक स्थितियों के बारे में समान जानकारी है जो एसईसीसी, 2011 में सत्यापित नहीं थे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **आयुष्मान भारत-PMJAY एक पात्रता-आधारित योजना** है जो नवीनतम **सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC), 2011 डेटा द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित** करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)** को राज्य सरकारों के साथ संयुक्त रूप से PMJAY के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक स्वायत्त इकाई के रूप में गठित किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- NHA ने **राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को ऐसे अन्य डेटाबेस का उपयोग करने का विकल्प** दिया है, जिनमें **उन परिवारों को कवर करने के लिये लोगों की पृष्ठभूमि और आर्थिक स्थितियों के बारे में समान जानकारी** है, जिन्हें **SECC, 2011 में सत्यापित नहीं** किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

81. **निम्नलिखित में से किस योजना का उद्देश्य 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये खेल-आधारित शिक्षण सामग्री प्रदान करना है?**

A. उभरते भारत के लिये पीएम स्कूल (SHRI)
B. समझ और संख्यात्मकता के साथ पढ़ने में प्रवीणता के लिये राष्ट्रीय पहल (NIPUN) भारत मिशन
C. स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिये राष्ट्रीय पहल (NISHTHA)
D. फाउंडेशनल स्टेज और जादुई पिटारा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCF FS)

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**NEP 2020 के तहत प्रमुख पहलें:**

- **उभरते भारत के लिये PM स्कूल (SHRI): PM-SHRI योजना** का उद्देश्य **न्यायसंगत, समावेशी और मनोरंजक स्कूली वातावरण** में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है।
  - यह देश भर में 14500 से अधिक स्कूलों के उन्नयन और विकास के लिये सितंबर 2022 में शुरू की गई एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है।
  - **पीएम-श्री पहल** के तहत स्कूलों को अपग्रेड करने के लिये 630 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।

- **निपुण भारत: 'बेहतर समझ और संख्यात्मक ज्ञान के साथ पढ़ाई में प्रवीणता के लिये राष्ट्रीय पहल- निपुण'** (National Initiative for Proficiency in Reading with Understanding and Numeracy- NIPUN) भारत मिशन का दृष्टिकोण मूलभूत साक्षरता तथा संख्यात्मकता के सार्वभौमिक अधिग्रहण को सुनिश्चित करने हेतु एक सक्षम वातावरण बनाना है ताकि प्रत्येक बच्चा वर्ष 2026-27 तक ग्रेड 3 के अंत तक पढ़ने, लिखने और संख्यात्मकता में वांछित सीखने की दक्षता हासिल कर सके।
- **पीएम ई-विद्या:** इस पहल का उद्देश्य दीक्षा जैसे विभिन्न **ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म** प्रदान करके और देश भर के छात्रों को ई-पुस्तकें तथा ई-सामग्री प्रदान कर ऑनलाइन शिक्षा एवं **डिजिटल शिक्षण को बढ़ावा** देना है।
- **NCF FS और जादुई पिटारा:** 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों हेतु खेल-आधारित अध्ययन की शिक्षण सामग्री हेतु **मूलभूत चरण के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा** (National Curriculum Framework for Foundational Stag- NCF FS) और **जादुई पिटारा** शुरू की गई है।
- **निष्ठा: 'नेशनल इनीसिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीचर्स होलीस्टिक एडवांसमेंट' अर्थात् निष्ठा (National Initiative for School Heads and Teachers Holistic Advancement- NISHTHA)** भारत में शिक्षकों और स्कूल प्रधानाचार्यों के लिये एक क्षमता-निर्माण कार्यक्रम है।

**82. 'नदी देविका कायाकल्प परियोजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह परियोजना राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत शुरू की गई थी।
2. देविका नदी जम्मू-कश्मीर के उधमपुर ज़िले में पहाड़ी शुद्ध महादेव मंदिर से निकलती है।
3. देविका नदी पश्चिमी पंजाब की ओर बहती है जहाँ यह ब्यास नदी में मिल जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही **नहीं** हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **'देविका नदी कायाकल्प परियोजना' राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत शुरू की गई थी। अत: कथन 1 सही है।**
- **देविका नदी जम्मू-कश्मीर के उधमपुर ज़िले में पहाड़ी शुद्ध महादेव मंदिर से निकलती है। अत: कथन 2 सही है।**
- **देविका नदी पश्चिमी पंजाब (अब पाकिस्तान में) की ओर बहती है जहाँ यह रावी नदी में मिल जाती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**83. भारतनेट परियोजना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (NOFN) अक्तूबर 2011 में लॉन्च किया गया था और वर्ष 2015 में इसका नाम बदलकर भारतनेट प्रोजेक्ट कर दिया गया।
2. यह ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम है।
3. भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत भारत सरकार द्वारा स्थापित एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (NOFN) अक्तूबर 2011 में लॉन्च किया गया था और वर्ष 2015 में इसका नाम बदलकर भारत नेट प्रोजेक्ट कर दिया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम और भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (BBNL) द्वारा कार्यान्वित एक प्रमुख मिशन भी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत भारत सरकार द्वारा स्थापित एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) है। **अत: कथन 3 सही है।**

**84. निम्नलिखित में से कौन-सा नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन ( NIDHI ) कार्यक्रम के घटक हैं ?**

1. NIDHI-PRAYAS (युवा और महत्वाकांक्षी इनोवेटर्स और स्टार्टअप को बढ़ावा देना और उनमें तेज़ी लाना)
2. NIDHI उद्यमी-इन-रेज़िडेंस (EIR) कार्यक्रम
3. NIDHI बीज सहायता कार्यक्रम
4. टेक्नोलॉजी बिज़नेस इन्क्यूबेटर्स (TBI) और उत्कृष्टता केंद्र (CoE)

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन ( NIDHI )**

- **परिचय:**
  - NIDHI एक अभूतपूर्व पहल है जिसे नवाचार को बढ़ावा देने, स्टार्टअप का समर्थन करने और भारत में **एक संपन्न उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र बनाने** के लिये डिज़ाइन किया गया है।
  - NIDHI में विभिन्न घटक शामिल हैं जो **देश भर में नवाचार-संचालित उद्यमों को बढ़ावा देने** और उनमें तेज़ी लाने के लिये एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करते हैं।
- **निधि कार्यक्रम के घटक:**
  - NIDHI-PRAYAS (युवा और महत्त्वाकांक्षी इनोवेटर्स और स्टार्टअप को बढ़ावा देना और उनमें तेज़ी लाना)
  - NIDHI एंटरप्रेन्योर्स-इन-रेज़िडेंस (EIR) कार्यक्रम
  - NIDHI बीज सहायता कार्यक्रम
  - NIDHI त्वरक कार्यक्रम
  - टेक्नोलॉजी बिज़नेस इन्क्यूबेटर्स (TBI) और उत्कृष्टता केंद्र (CoE)
  - NIDHI-समावेशी प्रौद्योगिकी बिज़नेस इन्क्यूबेटर्स (iTBI) कार्यक्रम
- **अत: विकल्प D सही उत्तर है।**

**85. अमृत मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इस मिशन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर घर में पानी की सुनिश्चित आपूर्ति और सीवरेज कनेक्शन के साथ नल की पहुँच हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अमृत मशिन:**

- **लॉन्च: जून 2015**
- **संबंधित मंत्रालय:** आवास और शहरी मामले
- यह एक **केंद्र प्रायोजित योजना है। अत: कथन 1 सही है।**
- **उद्देश्य:**
  - हर **घर में पानी की सुनिश्चित आपूर्ति और सीवरेज कनेक्शन के साथ नल की पहुँच** को सुनिश्चित करना। **अत: कथन 2 सही है।**
    - **मिशन का प्राथमिकता क्षेत्र सीवरेज के बाद जल** आपूर्ति है।
  - **हरियाली वाले और सुव्यवस्थित खुले स्थानों ( जैसे पार्क ) का विकास करके** शहरों में सुविधाओं को बढ़ाना।
  - **सार्वजनिक परिवहन या गैर-मोटर चालित परिवहन** (जैसे पैदल और साइकिल चलाना) **के लिये सुविधाओं का निर्माण करके प्रदूषण को कम** करना।
- **अवयव:**
  - क्षमता निर्माण, सुधार कार्यान्वयन, जल आपूर्ति, सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन, तूफान जल निकासी, शहरी परिवहन और हरित स्थानों और पार्कों का विकास।
    - **सुधारों का उद्देश्य नागरिक सेवाओं की डिलीवरी में सुधार करना, लागत को कम करना, वित्तपोषण में सुधार,** संसाधन और पारदर्शिता बढ़ाना है। इसमें **स्ट्रीट लाइटों को LED लाइटों से बदलना भी शामिल** है।

**86. "विवाद से विश्वास II" योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. "विवाद से विश्वास II" योजना वित्त मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है।

2. इस योजना का उद्देश्य संविदात्मक विवादों को कुशलतापूर्वक हल करना और सरकार के साथ व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा देना है।
3. इस योजना के कार्यान्वयन के लिये गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) पोर्टल का उपयोग किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में वित्त मंत्रालय ने **सरकार और सरकारी उपक्रमों के** लंबित अनुबंधात्मक विवादों के प्रभावी ढंग से निपटाने हेतु **"विवाद से विश्वास II"** योजना शुरू की है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इस योजना की घोषणा [केंद्रीय बजट 2023-24]() में केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा की गई थी।
- इस योजना का उद्देश्य **अनुबंधात्मक विवादों को कुशलतापूर्वक हल करने** के लिये एक मंच प्रदान करना, सरकार के साथ व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा देना और देश में नए निवेश को प्रोत्साहित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे [गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM)]() पोर्टल पर ऑनलाइन कार्यक्षमता के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**87. वाइब्रेंट इंडिया के लिये पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड योजना (PM-YASASVI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. यह योजना शिक्षा मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित की जा रही है।
2. इस योजना में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), SC, विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजाति (DNT) श्रेणियों के छात्रों को शामिल किया गया है, लेकिन आर्थिक रूप से पिछड़ी जातियों (EBC) को शामिल नहीं किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय अन्य पिछड़ा वर्ग (Other Backward Class- OBC), SC, विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजाति (Denotified, Nomadic and semi-Nomadic Tribe- DNT) तथा आर्थिक रूप से पिछड़ी जाति (Economically Backward Caste- EBC) की श्रेणियों के छात्रों के लिये 'पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड योजना फॉर वाइब्रेंट इंडिया' (PM Young Achievers Scholarship Award Scheme for Vibrant India- PM YASASVI) नामक एक व्यापक योजना लागू कर रहा है।**

**अतः दोनों कथन सही नहीं हैं।**

**88. प्रश्न 3. ULLAS (अंडरस्टैंडिंग लाइफलॉन्ग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी) पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया।
2. इसे 15 से 35 वर्ष की आयु के नागरिकों के बीच सांस्कृतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये शुरू किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने **ULLAS: नव भारत साक्षरता कार्यक्रम मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च** किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ULLAS (अंडरस्टैंडिंग लाइफलॉन्ग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी) भारत सरकार द्वारा आजीवन सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने और **15 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के नागरिकों के बीच बुनियादी साक्षरता एवं महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल में अंतर को कम करने के लिये शुरू** की गई एक परिवर्तनकारी पहल है। **अतः कथन 2 सही है।**

**89. प्रश्न 5. महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना( MSSC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. योजना के तहत बालिकाओं सहित किसी भी आयु वर्ग की महिलाएँ न्यूनतम 1000 और अधिकतम जमा 2 लाख रुपए जमा राशि के साथ खाता खोल सकती हैं।

2. यह योजना 7.5% प्रतिवर्ष की ब्याज दर प्रदान करती है, जो त्रैमासिक आधार पर प्रदान की जाती है।
3. इसमें आंशिक निकासी का प्रावधान है एवं ब्याज दर में कोई कटौती किये बिना खाता खोलने के छह महीने के बाद किसी भी समय खाते को समय से पहले बंद करने की अनुमति है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना (MSSC) आज़ादी का अमृत महोत्सव** के उपलक्ष्य में **वित्त मंत्रालय** द्वारा शुरू की गई एक **लघु बचत योजना** है, जिसका उद्देश्य महिला निवेशकों को प्रोत्साहित करना है।
- **बालिकाओं सहित किसी भी आयु वर्ग** की महिलाएँ, **मार्च 2025 तक दो वर्ष की अवधि के लिये न्यूनतम 1000 रुपए** और **अधिकतम 2 लाख रुपए जमा के साथ MSSC खाता खोल सकती हैं। अतः कथन 1 सही है।**
- इस योजना के तहत अब तक 14,83,980 खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें कुल 8,630 करोड़ रुपए जमा हैं।
- यह योजना **7.5% प्रतिवर्ष की** आकर्षक **ब्याज दर** प्रदान करती है **जिसकी गणना त्रैमासिक रूप से की जाती है,** साथ ही **खाता खोलने के छह माह के बाद किसी भी समय खाते से आंशिक निकासी करने और खाते को समय से पूर्व बंद करने का** प्रावधान है, लेकिन ब्याज दर **2% कम हो जाती है। अतः कथन 2 सही है तथा 3 सही नहीं है।**

**90. हाल ही में शुरू की गई विश्वकर्मा योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. योजना में नामांकित कामगार और शिल्पकार 5% रियायती ब्याज दर पर 1 लाख रुपए (पहली किश्त) और 2 लाख रुपए (दूसरी किश्त) की संपार्श्विक-मुक्त ऋण सहायता प्राप्त कर सकते हैं।
2. यह योजना कौशल प्रशिक्षण के लिये 500 रुपए और आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिये 1,500 रुपए का वज़ीफा प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **विश्वकर्मा योजना की विशेषताएँ:**
  - **मान्यता और समर्थन:** इस योजना में नामांकित कारीगरों और शिल्पकारों को **पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और एक पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा।**
    - ये कामगार और शिल्पकार **5% की रियायती ब्याज दर पर 1 लाख रुपए (पहली किश्त) और 2 लाख रुपए (दूसरी किश्त) तक की संपार्श्विक-मुक्त ऋण सहायता के लिये भी** पात्र होंगे। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **कौशल विकास और सशक्तीकरण:** विश्वकर्मा योजना के लिये वर्ष 2023-2024 से 2027-2028 तक पाँच वित्तीय वर्षों हेतु **13,000 करोड़ रुपए से 15,000 करोड़ रुपए** तक का बजट आवंटित किया गया है।
    - यह योजना **कौशल प्रशिक्षण के लिये 500 रुपए** और आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिये 1,500 रुपए का वज़ीफा प्रदान करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**91. प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत घटकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AHP के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS) के प्रत्येक परिवार को आवास के लिये 1.5 लाख रुपए की केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है।
2. रुपए की केंद्रीय सहायता. पुनर्विकास के दौरान झुग्गी निवासियों के लिए प्रति आवास 1 लाख रुपए इसके इन-सीटू स्लम पुनर्विकास (ISSR) घटक के तहत प्रदान किया जाता है।
3. आवास और शहरी विकास निगम (HUDCO), राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB) और भारतीय स्टेट बैंक (SBI) क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (CLSS) के तहत सब्सिडी देने के लिये ज़िम्मेदार नामित केंद्रीय नोडल एजेंसियाँ (CNAs) हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **PMAY-U के घटक:**
  - **इन-सीटू स्लम पुनर्विकास (In-situ Slum Redevelopment- ISSR):** ISSR कार्यक्रम निजी डेवलपर्स के सहयोग से संसाधन के रूप में **भूमि का उपयोग करते हुए** पुनर्विकास के दौरान योग्य स्लम निवासियों के लिये **प्रति आवास 1 लाख रुपए की केंद्रीय सहायता प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही है।**
  - **क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (Credit Linked Subsidy Scheme- CLSS):** यह योजना **EWS/LIG, मध्यम आय समूह (MIG)-I और MIG-II के** लाभार्थियों को आवास खरीदने, निर्माण या विस्तार के लिये आवास ऋण की मांग को करने में सहायता करता है।
    - **व्यक्ति ये लाभ उठा सकते हैं:**
      - **6 लाख रुपए तक की ऋण राशि पर 6.5% की ब्याज सब्सिडी।**
      - **9 लाख रुपए तक की ऋण राशि पर 4% की ब्याज सब्सिडी।**
      - **12 लाख रुपए तक की ऋण राशि पर 3% की ब्याज सब्सिडी।**
    - **आवास और शहरी विकास निगम (HUDCO), राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB) और भारतीय स्टेट बैंक (State Bank of India- SBI)** नामित केंद्रीय नोडल एजेंसियाँ (CNAs) हैं जो ऋण संस्थानों के माध्यम से सब्सिडी देने तथा प्रगति की निगरानी के लिये ज़िम्मेदार हैं।**अत: कथन 3 सही है।**
  - अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (AHP):
    - AHP के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा **आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS) के प्रत्येक परिवार को आवास के लिये 1.5 लाख रुपए की** केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है। **अत: कथन 1सही है।**
    - किफायती आवास परियोजनाओं (Affordable Housing Projects) में विभिन्न श्रेणियों को शामिल किया जा सकता है, लेकिन वे केवल तभी **केंद्रीय सहायता के लिये योग्य हैं जब इनमें कम-से-कम 35% आवास EWS श्रेणी के लिये हों।**
    - राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने सामर्थ्य सुनिश्चित करने के लिये EWS घरों की बिक्री मूल्य पर ऊपरी सीमा निर्धारित की है।

**92. फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (FAME) इंडिया योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है।
2. इसका चरण-II 1 अप्रैल, 2019 से शुरू हुआ, जो अप्रैल, 2024 तक जारी रहेगा।
3. फेम इंडिया चरण-II का प्राथमिक उद्देश्य सार्वजनिक और साझा परिवहन का विद्युतीकरण है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **फेम इंडिया भारी उद्योग राज्य मंत्रालय** की **राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना** का एक हिस्सा है।
  - **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- देश में **इलेक्ट्रिक वाहनों (Electric Vehicles- EVs) को बढ़ावा देने** के उद्देश्य से फेम इंडिया योजना ने इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने और इलेक्ट्रिक गतिशीलता बुनियादी ढाँचे के विस्तार में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है।
- **योजना के दो चरण हैं:**
  - **चरण-I:** यह वर्ष 2015 में शुरू हुआ और 31 मार्च, 2019 को पूरा हो गया।
  - **चरण- II:**
  - **अवधि: 1 अप्रैल, 2019 से पाँच वर्ष।**
    - **उद्देश्य: सार्वजनिक और साझा परिवहन** का विद्युतीकरण।
  - **अत: कथन 2 और 3 सही है।**

**93. पीएम-कुसुम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पीएम-कुसुम योजना मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर केंद्रित है।
2. पीएम-कुसुम का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में डीज़ल जनरेटर जैसे गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता को कम करना है।

3. पीएम-कुसुम पहल का लक्ष्य 31 मार्च, 2026 तक 30.8 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता प्राप्त करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: (C)**

**व्याख्या:**

- पीएम-कुसुम **(प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान)** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में शुरू की गई एक प्रमुख योजना है **जिसका प्राथमिक उद्देश्य सौर ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देकर कृषि क्षेत्र में बदलाव लाना है। अत: कथन 1 सही है।**
- इस योजना का उद्देश्य **सौर ऊर्जा संचालित पंपों** और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को प्रोत्साहित करके सिंचाई के लिये **डीज़ल पर निर्भरता को कम करना है।**
- इसका उद्देश्य **सौर पंपों के उपयोग के माध्यम से सिंचाई लागत को कम करके** और उन्हें ग्रिड को अधिशेष सौर ऊर्जा बेचने में सक्षम बनाकर किसानों की आय में वृद्धि करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- विभिन्न घटकों और वित्तीय सहायता के माध्यम से PM-कुसुम का लक्ष्य **31 मार्च, 2026 तक 30.8 गीगावाट की महत्त्वपूर्ण सौर ऊर्जा क्षमता** वृद्धि हासिल करना है। **अत: कथन 3 सही है।**

**94. क्रेडिट गारंटी योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य ऋण वितरण प्रणाली को मज़बूत करना तथा पशुधन क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (Micro, Small & Medium Enterprises- MSME) के लिये ऋण के सुचारु प्रवाह की सुविधा सुनिश्चित करना है।
2. यह योजना अनुसूचित बैंकों या राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) से प्राप्त ऋण पर 3% की ब्याज छूट प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**क्रेडिट गारंटी योजना:**

- **उद्देश्य:**
  - **ऋण वितरण प्रणाली को मज़बूत करना** तथा पशुधन क्षेत्र के **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (Micro, Small & Medium Enterprises- MSME)** के लिये ऋण के सुचारु प्रवाह की सुविधा सुनिश्चित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - पहली पीढ़ी के उद्यमियों और समाज के वंचित वर्गों पर ध्यान केंद्रित करते हुए गैर-सेवित (Un-served) तथा अल्प-सेवित (Under-served) पशुधन क्षेत्र की **वित्त तक पहुँच बढ़ाना।**
- **क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट:**
  - ऋण देने वाले संस्थानों द्वारा पात्र MSME को दी जाने वाली क्रेडिट सुविधाओं के 25% तक क्रेडिट गारंटी कवरेज प्रदान करने के लिये 750 करोड़ रुपए का **क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट** स्थापित किया गया है।
- **ब्याज अनुदान:**
  - यह योजना **अनुसूचित बैंकों या राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC)** से प्राप्त ऋण पर 3% की **ब्याज छूट** प्रदान करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - उधारकर्ता कुल परियोजना लागत का 90% तक ऋण के रूप में प्राप्त कर सकते हैं।

**95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दशक के अंत तक टीकाकरण एजेंडा 2030 (IA2030) का लक्ष्य शून्य टीके की खुराक प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या में 80% तक की कमी करना।
2. विश्व टीकाकरण सप्ताह प्रत्येक वर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह में मनाया जाता है।
3. सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम **(UIP)** 12 वैक्सीन-रोकथाम योग्य बीमारियों के खिलाफ मुफ्त टीकाकरण सुनिश्चित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**टीकाकरण से संबंधित प्रमुख पहल:**

- **वैश्विक**
  - **टीकाकरण एजेंडा 2030 (IA2030):** यह 2021-2030 के दशक के लिये टीकों और टीकाकरण हेतु एक महत्त्वाकांक्षी, व्यापक वैश्विक नीति एवं रणनीति निर्धारित करता है।
  - **दशक के अंत तक IA2030 का लक्ष्य:**
    - शून्य टीके की खुराक प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या में 50% की कमी करना। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - निम्न और मध्यम आय वाले देशों में 500 नए या कम उपयोग वाले टीकों की शुरुआत का लक्ष्य प्राप्त करना।
    - बचपन के आवश्यक टीकों के लिये 90% कवरेज प्राप्त करना।
  - **विश्व टीकाकरण सप्ताह:** यह प्रत्येक वर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह में मनाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **वर्ष 2023 के लिये थीम- 'द बिग कैच-अप'**।
- **राष्ट्रीय:**
  - **सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP):**
    - यह कार्यक्रम **12 वैक्सीन-रोकथाम योग्य बीमारियों के खिलाफ मुफ्त टीकाकरण** सुनिश्चित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - **राष्ट्रीय स्तर पर 9 बीमारियों के उन्मूलन हेतु प्रयास: ये हैं-** डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस, पोलियो, खसरा, रूबेला, बचपन के तपेदिक का गंभीर रूप, हेपेटाइटिस बी तथा मेनिनजाइटिस एवं हेमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा प्रकार बी के कारण होने वाला निमोनिया।
    - **उप-राष्ट्रीय स्तर पर 3 बीमारियों के उन्मूलन हेतु प्रयास:** इनमें रोटावायरस डायरिया, न्यूमोकोकल निमोनिया और जापानी इंसेफेलाइटिस शामिल हैं।
    - UIP द्वारा हासिल किये गए दो प्रमुख लक्ष्य हैं- **वर्ष 2014 में पोलियो का उन्मूलन और वर्ष 2015 में माताओं और नवजातों में टेटनस का उन्मूलन**।
- **मिशन इंद्रधनुष:**
  - **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014 में** UIP के तहत सभी अप्रतिरक्षित और आंशिक रूप से प्रतिरक्षित बच्चों का टीकाकरण करने के उद्देश्य से **मिशन इंद्रधनुष** शुरू किया गया था।
    - इसका चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

**96. इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (IMC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (IMC) 2023 ,एक वार्षिक कार्यक्रम है जो मोबाइल और डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और नवाचारों को प्रदर्शित करता है।
2. IMC 2023 का विषय "ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन" है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (IMC) 2023**, एक प्रमुख **वार्षिक कार्यक्रम** है जो मोबाइल और डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और नवाचारों को प्रदर्शित करता है। यह उद्योग के **अभिकर्ताओं, नीति निर्माताओं, प्रौद्योगिकी उत्साही और हितधारकों** के लिये एक साथ आने और **डिजिटल परिदृश्य** के भविष्य पर चर्चा करने के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- IMC 2023 का विषय **"ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन"** है, जिसका उद्देश्य भारत को एक अग्रणी प्रौद्योगिकी डेवलपर, दूरसंचार निर्माता और निर्यातक के रूप में स्थापित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**97. समर्थ योजना (कपड़ा क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय का एक मांग-संचालित और प्लेसमेंट-उन्मुख अम्ब्रेला कौशल कार्यक्रम है।
2. समर्थ केवल पूर्वोत्तर राज्यों को कवर करता है, जिससे महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए SC, ST और हाशिये पर मौजूद श्रेणियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ प्राप्त होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- समर्थ कपड़ा मंत्रालय का **एक मांग-संचालित और प्लेसमेंट-उन्मुख अम्ब्रेला कौशल कार्यक्रम** है, जिसे **कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय** द्वारा अपनाई गई व्यापक कौशल नीति ढाँचे केअंर्तगत तैयार किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- समर्थ 28 राज्यों एवं 6 केंद्रशासित प्रदेशों को कवर करता है, जो महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए SC, ST और हाशिये पर मौजूद श्रेणियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों को लाभान्वित करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**98. ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वर्ष 2023 के लिये 'ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम (GCP)' कार्यान्वयन नियमों को अधिसूचित किया है।
2. ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम एक ऐसा तंत्र है जो घरेलू कार्बन बाज़ार का पूरक है।
3. ग्रीन क्रेडिट प्रणाली पूरी तरह से $CO_2$ उत्सर्जन में कटौती पर केंद्रित है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही **नहीं** हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर; A**

**व्याख्या:**

- **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** ने वर्ष 2023 के लिये '**ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम (GCP)**' कार्यान्वयन नियमों को अधिसूचित किया है। **अंत: कथन 1 सही है।**
- **ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम** एक ऐसा तंत्र है जो **घरेलू कार्बन बाज़ार** का पूरक है। **अंत: कथन 2 सही है।**
- **घरेलू कार्बन बाज़ार** पूरी तरह से **$CO_2$ उत्सर्जन में कटौती** पर केंद्रित है। **ग्रीन क्रेडिट प्रणाली** का लक्ष्य अन्य **पर्यावरणीय दायित्वों को भी पूरा करना** है जो **कंपनियों, व्यक्तियों एवं स्थानीय निकायों द्वारा स्थायी कार्यों** को प्रोत्साहित करता है। **अंत: कथन 3 सही नहीं है।**

**99. पीएम प्रणाम योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का उद्देश्य जैव उर्वरकों के उपयोग के माध्यम से पृथ्वी को पुनर्स्थापित और पोषित करना तथा रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करना है।
2. इस योजना का वित्तपोषण उर्वरक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत मौजूदा उर्वरक सब्सिडी की बचत से किया जाएगा।
3. पीएम प्रणाम योजना के लिये अलग से बजट निर्धारित होगा।

**उपर्युक्त  कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. उपरोक्त सभी

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पीएम-प्रणाम योजना और FRP में वृद्धि**

**आर्थिक मामलों की कैबनिेट समति(CCEA) ने पीएम-प्रणाम (PM-PRANAM) योजना को मंज़ूरी दी है जसिका उद्देश्य जैव उर्वरकों के उपयोग** से धरती की उर्वरता को **पुनर्स्थापति और पोषति करना है। अत: कथन 1 सही है।**

**पीएम-प्रणाम योजना:**

- पीएम-प्रणाम का मतलब **कृषि प्रबंधन हेतु वैकल्पिक पोषक तत्त्वों का संवर्द्धन (Promotion of Alternate Nutrients for Agriculture Management Yojana- PM PRANAM)** है।
- पीएम-प्रणाम की घोषणा पहली बार केंद्र सरकार द्वारा 2023-24 के बजट में की गई थी।
- इस योजना का उद्देश्य **राज्यों को वैकल्पिक उर्वरक अपनाने के लिये प्रोत्साहित करके रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाना** है।
- **उद्देश्य:**
  - **जैव उर्वरकों और जैविक उर्वरकों के साथ उर्वरकों के संतुलित उपयोग** को प्रोत्साहित करना।
  - **रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी का बोझ कम** करना, जो कि **वर्ष 2022-2023 में लगभग 2.25 लाख करोड़ रुपए** था।
- **योजना की मुख्य विशेषताएँ:**
  - इस योजना को **रसायन और उर्वरक मंत्रालय** के उर्वरक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत **मौजूदा उर्वरक सब्सिडी की बचत से वित्तपोषित** किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**

- **पीएम-प्रणाम योजना के लिये अलग से कोई बजट नहीं होगा। अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **सब्सिडी बचत और अनुदान:**
  - केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को **सब्सिडी बचत का 50% अनुदान के रूप में प्रदान** किया जाएगा।
  - अनुदान में से **70%** का उपयोग विभिन्न स्तरों पर **वैकल्पिक उर्वरकों और उत्पादन इकाइयों के तकनीकी उत्थान हेतु परिसंपत्तियों** के निर्माण में उपयोग किया जा सकता है।
  - शेष **30%** का उपयोग किसानों, पंचायतों और उर्वरक कटौती एवं जागरूकता सृजन में शामिल अन्य हितधारकों को पुरस्कृत तथा **प्रोत्साहित करने के लिये** किया जा सकता है।
- **उर्वरक कटौती की गणना:**
  - किसी राज्य द्वारा यूरिया की खपत में कमी की तुलना **पिछले तीन वर्षों में यूरिया की औसत खपत से की जाएगी।**
  - यह गणना सब्सिडी बचत और अनुदान के लिये पात्रता निर्धारित करेगी।

**100. पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु प्रधानमंत्री विकास पहल (PM-DevINE) योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूर्वोत्तर क्षेत्र (NER) में विकास अंतराल को दूर करने हेतु केंद्रीय बजट 2022-23 में पीएम-डिवाइन की घोषणा की गई थी।
2. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
3. यह योजना पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर परिषद या केंद्रीय मंत्रालयों/एजेंसियों के माध्यम से कार्यान्वित की जाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. उपर्युक्त कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पूर्वोत्तर क्षेत्र (NER) में विकास अंतराल को दूर करने हेतु केंद्रीय बजट 2022-23 में पीएम-डिवाइन (PM-DevINE) की घोषणा की गई थी।
  - **अतः कथन 1 सही है।**
- यह 100% केंद्रीय वित्तपोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
  - **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 तक की 4 वर्ष की अवधि, जो 15वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्षों के साथ संरेखित है, में इस योजना का कुल परिव्यय 6,600 करोड़ रुपए है।
  - संसाधनों की प्रचुर मात्रा के अतिरिक्त पीएम-डिवाइन योजना पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिये उपलब्ध है। यह मौजूदा केंद्र और राज्य योजनाओं का विकल्प नहीं होगी।
- यह योजना **पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय** द्वारा **पूर्वोत्तर परिषद या केंद्रीय मंत्रालयों/एजेंसियों** के माध्यम से कार्यान्वित की जाएगी।
  - **अतः कथन 3 सही है।**

**101. स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SBM-U 1.0 लक्ष्य प्राप्त करने में सफल रहा और 100% शहरी भारत को खुले में शौच मुक्त (ODF) घोषित किया गया।
2. SBM-U के दूसरे चरण का लक्ष्य ODF से आगे बढ़कर ODF+ और ODF++ तक जाना और शहरी भारत को कचरा-मुक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करना है।
3. अक्तूबर 2024 तक 1000 शहरों को 3-स्टार कचरा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्वच्छ भारत मिशन-शहरी: (SBM-U):**

- **स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 1.0:**
  - SBM-U का पहला चरण शौचालयों तक पहुँच प्रदान करके और व्यवहार में परिवर्तन को बढ़ावा देकर शहरी भारत को खुले में शौच मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर केंद्रित था।
  - SBM-U 1.0 अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहा और 100% शहरी भारत को ODF घोषित किया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- **स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 (2021-2026):**
  - वर्ष 2021-22 के बजट में घोषित SBM-U 2.0, इसी योजना के पहले चरण की निरंतरता है।

- इसके दूसरे चरण का लक्ष्य ODF के लक्ष्यों के साथ ही ODF+ और ODF++ के लक्ष्य की ओर अग्रसर होना है तथा शहरी भारत को कचरा-मुक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसमें स्थायी स्वच्छता प्रथाओं, अपशिष्ट प्रबंधन और एक चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

- **अपशिष्ट मुक्त शहर:** जनवरी 2018 में लॉन्च किया गया अपशिष्ट मुक्त शहर (GFC)-स्टार रेटिंग प्रोटोकॉल पहले वर्ष में केवल 56 शहरों से बढ़कर अब तक 445 शहरों तक पहुँच गया है, अक्तूबर 2024 तक कम-से-कम 1,000 3-स्टार GFC बनाने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**102. अटल वयो अभ्युदय योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन है, जिसे वरिष्ठ नागरिकों के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPSrc) के रूप में भी जाना जाता है।
2. यह योजना वरिष्ठ नागरिकों द्वारा समाज में किये गए अमूल्य योगदान को मान्यता देती है और उनकी भलाई तथा सामाजिक समावेश सुनिश्चित करना चाहती है।
3. राष्ट्रीय वयोश्री योजना (RVY), उम्र से संबंधित किसी भी विकलांगता से पीड़ित पात्र वरिष्ठ नागरिकों को सहायक जीवन उपकरण प्रदान करना, इस योजना का एक घटक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अटल वयो अभ्युदय योजना**

**भारत सरकार का सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अपने सभी नागरिकों के लिये एक समावेशी एवं न्यायसंगत समाज बनाने की दिशा में काम कर रहा है तथा अटल वयो अभ्युदय योजना (AVYAY) उस दिशा में एक कदम है।**

- पहले AVYAY को वरिष्ठ नागरिकों के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPSrc) के रूप में जाना जाता था, जिसे अप्रैल 2021 में नया रूप दिया गया और इसका नाम बदलकर **अटल वयो अभ्युदय योजना** कर दिया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है **जिसका उद्देश्य भारत में वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाना है।**

**उद्देश्य:**

- यह योजना **वरिष्ठ नागरिकों द्वारा समाज में किये गए अमूल्य योगदान को मान्यता देती है और उनका कल्याण तथा सामाजिक समावेश सुनिश्चित** करना चाहती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- समाज में बुजुर्गों के अमूल्य योगदान को मान्यता देकर सरकार का लक्ष्य उन्हें **सशक्त बनाने के साथ उनका उत्थान करना** है, जिससे जीवन के सभी पहलुओं में उनकी सक्रिय भागीदारी और समावेश सुनिश्चित हो सके।

**घटक:**

- **वरिष्ठ नागरिकों के लिये एकीकृत कार्यक्रम (IPSrC):** यह वरिष्ठ नागरिकों, **विशेष रूप से गरीब वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये बुनियादी सुविधाएँ** आदि प्रदान करके वरिष्ठ नागरिकों के साथ उनकी सतत् देखभाल के लिये पात्र संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- **राष्ट्रीय वयोश्री योजना (RVY):** यह किसी भी विकलांगता या दुर्बलता से पीड़ित पात्र वरिष्ठ नागरिकों को सहायक जीवन उपकरण प्रदान करती है, जो कम दृष्टि, श्रवण हानि, दाँतों की हानि और **हड्डियों, जोड़ों या मांसपेशियों की अक्षमता** जैसी विकलांगता या दुर्बलता पर नियंत्रण तथा उनके शारीरिक कार्यों को लगभग सामान्य स्थिति में ला सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**103. राज्यों को वर्ष 2023-24 के लिये पूंजी निवेश में विशेष सहायता योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. योजना के तहत राज्य सरकारों को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 50 वर्ष तक के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में विशेष सहायता प्रदान की जा रही है।
2. इस योजना के आठ भाग हैं, जिसमें भाग-I, 1 लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ सबसे बड़ा है।
3. वित्त मंत्रालय के अधीन व्यय विभाग ने वित्त वर्ष में हर राज्य के लिये इस योजना को स्वीकृति दे दी है।

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर : B**

**व्याख्या:**

**राज्यों को वर्ष 2023-24 के लिये पूंजी निवेश में विशेष सहायता योजना:**

- **पृष्ठभूमि:**
  - पूंजी निवेश/व्यय के लिये राज्यों को वित्तीय सहायता योजना, पहली बार **वित्त मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020-21 में कोविड-19 महामारी के दौरान** शुरू की गई थी, जिसने राज्य द्वारा पूंजीगत व्यय को बढ़ावा दिया है।
- **परिचय:**
- पिछले तीन वर्षों से पूंजीगत व्यय के लिये इसी तरह के प्रयास को जारी रखते हुए इस योजना की घोषणा **केंद्रीय बजट वर्ष 2023-24** में की गई थी।
- इस योजना के तहत राज्य सरकारों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल मिलाकर **50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 1.3 लाख करोड़ रुपए की विशेष सहायता प्रदान की जा रही है। अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत व्यय विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 में 16 राज्यों के लिये** 56,415 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश प्रस्तावों को मंज़ूरी दे दी है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - **16 राज्यों में** अरुणाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिज़ोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।
- **भाग:**
  - इस योजना के **आठ भाग** हैं, भाग-I 1 **लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ सबसे बड़ा है।** यह राशि 15वें वित्त आयोग के निर्णय के अनुसार राज्यों के बीच केंद्रीय कर और कर्तव्यों में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में आवंटित की गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - योजना के अन्य भाग या तो सुधारों से जुड़े हैं या क्षेत्र-विशिष्ट परियोजनाओं के लिये हैं।

**104. एक ज़िला एक उत्पाद पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे पहली बार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के प्रत्येक ज़िले में पारंपरिक उद्योगों और शिल्प को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था।
2. विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) ने भी निर्यात को बढ़ावा देने के लिये ज़िलों को ODOP के साथ एक निर्यात हब पहल के रूप में संरेखित किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**एक ज़िला एक उत्पाद पहल**

- **पृष्ठभूमि:**
  - ODOP की अवधारणा को सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2018 में विकसित की गई थी। अतः कथन 1 सही है।
    - यह योजना राज्य के पारंपरिक उद्योगों और शिल्प, जैसे- **चिकनकारी कढ़ाई, पीतल के बर्तन, मिट्टी के बर्तन, कालीन, चमड़े की वस्तुएँ आदि को पुनर्जीवित** करने में सफल रही।
    - इससे प्रेरित होकर **केंद्र सरकार ने इस अवधारणा को अपनाया** और इसे एक राष्ट्रीय पहल के रूप में लॉन्च किया।
- **कार्यान्वयन:**
  - **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (MoFPI) खाद्य प्रसंस्करण** क्षेत्र के लिये योजना लागू करता है।
  - वस्त्र मंत्रालय ने ODOP योजना के तहत उत्पादों को प्रदर्शित करने और विक्रय करने के लिये सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज़ कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (CCIC) के अंतर्गत राष्ट्रीय शिल्प **संग्रहालय, नई दिल्ली में 'लोटा शॉप' का** उद्घाटन किया।
  - **विदेश व्यापार महानिदेशालय ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिये** ज़िलों को निर्यात हब पहल के रूप में ONOP के साथ संरेखित किया है।
  - अतः कथन 2 सही है।

**105. पीएम-किसान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्र सरकार प्रत्येक वर्ष किसानों की भूमि जोत के आकार के आधार पर राशि हस्तांतरित करती है।
2. यह एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
3. किसानों को उनकी मूल भाषा में जानकारी प्रदान करने हेतु पीएम-किसान को 'भाषिनी' के साथ भी एकीकृत किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पीएम-किसान:**

- **परिचय:**
  - इस योजना के तहत **केंद्र सरकार प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की राशि तीन समान किस्तों** में **सीधे प्रत्येक भूमिधारक किसान के बैंक खाते में स्थानांतरित** करती है चाहे उसकी भूमि जोत का आकार कुछ भी हो। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इस योजना को फरवरी 2019 में लॉन्च किया गया था।
- **वित्तपोषण और कार्यान्वयन:**
  - यह भारत सरकार के 100% वित्तपोषण के साथ एक **केंद्रीय क्षेत्रक योजना** है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसे **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
- **लाभार्थी की पहचान:**
  - लाभार्थी किसान परिवारों की पहचान की पूरी ज़िम्मेदारी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों की है।
- **उद्देश्य:**
  - प्रत्येक फसल चक्र के अंत में प्रत्याशित कृषि आय के अनुरूप उचित फसल स्वास्थ्य तथा उचित पैदावार सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न आदानों की खरीद हेतु **छोटे एवं सीमांत किसानों की वित्तीय ज़रूरतों को पूरा** करना।
  - उन्हें ऐसे **खर्चों को पूरा करने के लिये साहूकारों के प्रभाव से बचाना** और कृषि गतिविधियों में उनकी निरंतरता सुनिश्चित करना।
- **पीएम-किसान मोबाइल एप:**
  - किसानों को उनकी मूल भाषा में जानकारी प्रदान करने हेतु **पीएम-किसान को 'भाषिनी' के साथ भी एकीकृत** किया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से **राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र** द्वारा PM-KISAN मोबाइल एप विकसित और डिज़ाइन किया गया है।

**106. सरकार द्वारा शुरू की गई निम्नलिखित पहलों पर विचार कीजिये:**

1. मानस मोबाइल एप
2. मनोदर्पण पहल
3. किरण हेल्पलाइन

उपर्युक्त में से कितने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**चिंता विकार मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिये सरकार द्वारा की गई पहल:**

- **किरण हेल्पलाइन:**
  - वर्ष 2020 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिये **24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन 'किरण'** की शुरुआत की।
- **मनोदर्पण पहल:**
  - इसका उद्देश्य **कोविड-19 महामारी के दौरान छात्रों, शिक्षकों और परिवार के सदस्यों को मनो-सामाजिक सहायता प्रदान** करना है।
- **मानस मोबाइल एप:**
  - भारत सरकार ने **वर्ष 2021 में सभी आयु समूहों में मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिये MANAS (मानसिक स्वास्थ्य और सामान्य स्थिति संवर्द्धन प्रणाली)** लॉन्च किया।
- ये तीनों मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिये सरकार द्वारा की गई पहल हैं। **अतः विकल्प C सही है।**

**107. वैभव (VAIBHAV) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वैभव शिखर सम्मेलन का आयोजन भारतीय STEMM डायस्पोरा को भारतीय संस्थानों से जोड़ने हेतु समर्पित एक कार्यक्रम के रूप में किया गया था।
2. STEMM विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित और चिकित्सा में भारतीय डायस्पोरा को संदर्भित करता है।
3. फैलोशिप भारतीय मूल के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों (अनिवासी भारतीय (NRI)/भारतीय मूल के व्यक्ति (PIO)/भारत के प्रवासी नागरिक (OCI) हेतु उपलब्ध है जो सक्रिय रूप से अपने संबंधित देशों में अनुसंधान गतिविधियों में संलग्न हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वैभव शिखर सम्मेलन का आयोजन **भारतीय STEMM डायस्पोरा को भारतीय संस्थानों से जोड़ने हेतु समर्पित एक कार्यक्रम** के रूप में किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- STEMM विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित और चिकित्सा में भारतीय डायस्पोरा को संदर्भित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- फैलोशिप भारतीय मूल के उत्कृष्ट **वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों (अनिवासी भारतीय (NRI)/भारतीय मूल के व्यक्ति (PIO)/भारत के प्रवासी नागरिक (OCI)** हेतु उपलब्ध है जो सक्रिय रूप से अपने संबंधित देशों में अनुसंधान गतिविधियों में संलग्न हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**108. 'पोषण ट्रैकर एप' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक राष्ट्र एक आँगनवाड़ी कार्यक्रम के तहत पोषण ट्रैकर एप का उपयोग कर प्रवासी श्रमिकों को पंजीकृत किया गया है।
2. पोषण ट्रैकर प्रबंधन एप्लीकेशन आँगनवाड़ी केंद्र की गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी अथवा 360 डिग्री दृश्य प्रदान करता है।
3. जिन प्रवासी श्रमिकों ने अपने मूल राज्य में पंजीकरण कराया है, वे एप के माध्यम से प्रदान की जाने वाली योजनाओं और सेवाओं का उपयोग करने के लिये अपने वर्तमान निवास स्थान के निकटतम आँगनवाड़ी केंद्रों में जा सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **एक राष्ट्र एक आँगनवाड़ी कार्यक्रम** के तहत **पोषण ट्रैकर एप का उपयोग कर प्रवासी श्रमिकों को पंजीकृत किया गया है। अत: कथन 1 सही है।**
- पोषण ट्रैकर प्रबंधन एप्लीकेशन **आँगनवाड़ी केंद्र की गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी अथवा 360 डिग्री दृश्य** प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **जिन प्रवासी श्रमिकों ने अपने मूल राज्य में पंजीकरण कराया है**, वे एप के माध्यम से प्रदान की जाने वाली योजनाओं और सेवाओं का उपयोग करने के लिये **अपने वर्तमान निवास स्थान के निकटतम आँगनवाड़ी केंद्रों** में जा सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**109. दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (DDRS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. यह उन छात्रों को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान करती है जो दिव्यांग हैं और पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।
3. "दिव्यांग व्यक्तियों के लिये स्वैच्छिक कार्रवाई को बढ़ावा देने की योजना" को संशोधित किया गया और इसका नाम बदलकर DDRS कर दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. उपरोक्त तीनों

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (DDRS):**

- DDRS भारत सरकार की एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना** है जो वर्ष 1999 से कार्यान्वित की जा रही है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह दिव्यांग व्यक्तियों की शिक्षा और पुनर्वास के लिये काम करने वाले **गैर-सरकारी संगठनों** को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **योजना के उद्देश्य:**
  - दिव्यांग व्यक्तियों के लिये समान अवसर, समानता, सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिये एक **सक्षम वातावरण** का निर्माण करना।
  - **दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016** के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिये स्वैच्छिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करना।
- **DDRS के तहत गैर-सरकारी संगठनों** को दिव्यांग बच्चों/व्यक्तियों को व्यापक सेवाएँ प्रदान करने के लिये सहायता दी जा रही है, जैसे
  - प्री-स्कूल और शुरुआती कार्यक्रम

- विशिष्ट शिक्षा
- व्यावसायिक प्रशिक्षण और नियुक्ति
- समुदाय आधारित पुनर्वास
- मानव संसाधन विकास
- मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों का मनो-सामाजिक पुनर्वास
- कुष्ठ-उपचारित व्यक्तियों का पुनर्वास आदि।

- "दिव्यांग व्यक्तियों के लिये स्वैच्छिक कार्रवाई को बढ़ावा देने की योजना" को संशोधित किया गया और अप्रैल 2003 से इसे **"दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (DDRS)** नाम दिया गया। **अतः कथन 3 सही है।**

**110. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. लाभार्थियों को 5,000 रुपए का नकद लाभ तीन किश्तों में मिलता है।
3. लक्षित लाभार्थियों में सभी पात्र गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ शामिल हैं, जिनकी गर्भावस्था 1 जनवरी, 2017 को या उसके बाद परिवार में पहले बच्चे के लिये है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY):**

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) 1 जनवरी, 2017 से देश के सभी ज़िलों में लागू किया जा रहा **मातृत्व लाभ कार्यक्रम** है।
- यह **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** द्वारा क्रियान्वित की जा रही एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम:** गर्भवती महिलाओं को सीधे **उनके बैंक खाते में नकद लाभ प्रदान किया जाता** है ताकि पोषण संबंधी ज़रूरतों को पूरा किया जा सके और **मज़दूरी के नुकसान की आंशिक भरपाई** की जा सके।
- **लक्षित लाभार्थी:**
  - सभी गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ (PW&LM), उन लोगों को छोड़कर जो **केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या सार्वजनिक उपक्रमों के साथ नियमित रोज़गार में हैं या जो किसी भी कानून के तहत समान लाभ प्राप्त** कर रहे हैं।
  - सभी पात्र गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ जो परिवार में पहले बच्चे के लिये **1 जनवरी, 2017 को या उसके बाद गर्भवती हैं। अतः कथन 3 सही है।**
- **योजना के तहत लाभ:**
  - लाभार्थियों को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने पर **5,000 रुपए का नकद लाभ** तीन किश्तों में मिलता है।
- **अतः कथन 2 सही है।**
  - गर्भावस्था का प्रारंभिक पंजीकरण
  - प्रसव पूर्व जाँच
  - बच्चे के जन्म का पंजीकरण और परिवार के पहले जीवित बच्चे के लिये टीकाकरण का पहला चक्र पूरा करना।
  - पात्र लाभार्थियों को **जननी सुरक्षा योजना (JSY) के तहत नकद प्रोत्साहन** भी मिलता है। इस प्रकार एक महिला को औसतन 6,000 रुपए मिलते है।

**111. पीएम-स्वनिधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना की घोषणा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आर्थिक प्रोत्साहन-द्वितीय के एक भाग के रूप में की गई थी।
2. यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
3. यह योजना शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी स्ट्रीट वेंडर्स हेतु उपलब्ध है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पीएम स्वनिधि:**

- **परिचय:**
  - प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आर्थिक प्रोत्साहन-II के एक हिस्से के रूप में घोषित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसे 1 जून, 2020 से लागू किया गया था, ताकि उन स्ट्रीट वेंडरों को उनकी आजीविका को फिर से शुरू करने के लिये किफायती कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किया जा सके, जो कोविड-19 लॉकडाउन के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं।

- **वित्तपोषण:**
  - यह एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना है** अर्थात यह **आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित योजना है,** इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:
    - **कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना**
    - **नियमित पुनर्भुगतान को प्रोत्साहित करना तथा**
    - **डिजिटल लेनदेन हेतु पुरस्कृत करना, अत: कथन 2 सही है।**
- **महत्त्व:**
  - यह योजना स्ट्रीट वेंडर्स के लिये आर्थिक विकास के नए अवसर प्रदान करेगी।
- **पात्रता:**
  - **राज्य और केंद्र शासित प्रदेश:**
    - यह योजना **केवल उन्हीं राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लाभार्थियों के लिये उपलब्ध है, जिन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत नियम और योजना अधिसूचित की है।**
      - **हालाँकि मेघालय के लाभार्थी जिसका अपना स्टेट स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट है, भाग ले सकता है।**
  - **स्ट्रीट वेंडर्स:**
    - यह योजना शहरी क्षेत्रों में **वेंडिंग में लगे सभी स्ट्रीट वेंडर्स (पथ में वस्तु और सेवा के विक्रेताओं) के लिये उपलब्ध है। अत: कथन 3 सही नहीं है।**
      - इससे पहले यह योजना 24 मार्च, 2020 को या उससे पहले वेंडिंग में लगे सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिये उपलब्ध थी।

**112. सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPCSCB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'मिशन कर्मयोगी' एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य भर्ती के बाद केंद्र के मानव संसाधन विकास में सुधार करना है।
2. कार्यक्रम का उद्देश्य "नियम-आधारित से भूमिका-आधारित" मानव संसाधन प्रबंधन (HRM) में परिवर्तन करना है।
3. प्रधानमंत्री की मानव संसाधन परिषद NPCSCB को नियंत्रित करेगी और सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को मंज़ूरी देगी।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **लक्ष्य और उद्देश्य:**
  - **'मिशन कर्मयोगी' एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य भर्ती के बाद केंद्र के मानव संसाधन विकास में सुधार करना है। राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी के रूप में पूर्व-भर्ती परिवर्तनों के समान। अत: कथन 1 सही है।**
  - **नियमों से भूमिकाओं में बदलाव: कार्यक्रम "नियम-आधारित से भूमिका-आधारित" मानव संसाधन प्रबंधन (HRM) में परिवर्तन का समर्थन करेगा ताकि पद की आवश्यकताओं के लिये एक अधिकारी की दक्षताओं के आधार पर कार्य आवंटन किया जा सके। अत: कथन 2 सही है।**
    - डोमेन नॉलेज ट्रेनिंग के अलावा योजना "कार्यात्मक और व्यावहारिक दक्षताओं" पर भी ध्यान केंद्रित करेगी और इसमें प्रदर्शन मूल्यांकन के लिये एक निगरानी ढाँचा भी शामिल है।
  - **एकीकृत पहल:** आखिरकार परिवीक्षा अवधि के बाद पुष्टि, तैनाती, कार्य असाइनमेंट और रिक्तियों की अधिसूचना जैसे सेवा मामलों को प्रस्तावित ढाँचे में एकीकृत किया जाएगा।
- **शासन संरचना:**
  - **मानव संसाधन परिषद: NPCSCB प्रधानमंत्री की मानव संसाधन परिषद द्वारा शासित होगी, जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। अत: कथन 3 सही है।**
  - यह परिषद सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का अनुमोदन और समीक्षा करेगी।

**113. गोबरधन के लिये एकीकृत पंजीकरण पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जल शक्ति मंत्रालय ने बायोगैस/संपीड़ित बायोगैस (CBG) संयंत्रों की स्थापना की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिये एक पोर्टल विकसित किया है।
2. पोर्टल बायोगैस/CBG क्षेत्र में निवेश और भागीदारी का आकलन करने के लिये एकल कोष के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग** (DDWS) ने **बायोगैस**/संपीड़ित बायोगैस (CBG) संयंत्रों की स्थापना की **सुविधा के लिये यह पोर्टल विकसित किया है। अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में बायोगैस/CBG/बायो CNG संयंत्र स्थापित करने का इच्छुक कोई भी **सरकारी, सहकारी या निजी संस्था** पोर्टल में **नामांकन कर सकती है** और पंजीकरण संख्या प्राप्त कर सकती है।
- यह पोर्टल संपूर्ण भारत के स्तर पर बायोगैस/CBG क्षेत्र में निवेश और भागीदारी का आकलन करने के लिये **एकल कोष (वन-स्टॉप रिपॉजिटरी) के रूप में कार्य करता है। अतः कथन 2 सही है।**

**114. पीएम-स्वनिधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पूर्ण रूप से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित है।
2. इस योजना के तहत प्रदान किये जाने वाले ऋण असंपार्श्विक हैं।
3. यह योजना शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बेचने वाले सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिये उपलब्ध है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पीएम स्वनिधि योजना:**

- यह एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना है** अर्थात् यह **आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित योजना है,** इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:
  - कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना
  - नियमित पुनर्भुगतान को प्रोत्साहित करना
  - डिजिटल लेन-देन हेतु पुरस्कृत करना
- **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **क्रमशः 10,000 रुपए और 20,000 रुपए के पहले एवं दूसरे ऋण के अलावा 50,000 रुपए तक के तीसरे सावधि ऋण** की शुरुआत की गई है।
- यह ऋण **संपार्श्विक या कोलेट्रल के बिना** प्रदान किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- **ऋण देने वाली एजेंसियाँ:**
  - **सूक्ष्म वित्त संस्थाओं, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, स्वयं सहायता समूहों** को उनकी ज़मीनी स्तर पर उपस्थिति एवं स्ट्रीट वेंडर्स सहित शहरी गरीबों से निकटता के कारण अनुमति दी गई है।
- **पात्रता:**
  - **राज्य और केंद्रशासित प्रदेश:**
    - यह योजना केवल उन्हीं राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लाभार्थियों के लिये उपलब्ध है, जिन्होंने स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत नियम और योजना अधिसूचित की है।
    - हालाँकि मेघालय, जिसका अपना स्टेट स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट है, के लाभार्थी भाग ले सकते हैं।
- **स्ट्रीट वेंडर्स:**
  - यह **योजना शहरी क्षेत्रों में वेंडिंग कार्य में लगे सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिये उपलब्ध है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - इससे पहले यह योजना 24 मार्च, 2020 को या उससे पहले वेंडिंग में लगे सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिये उपलब्ध थी।

**115. प्रश्न 3. प्रायः समाचारों में देखा जाने वाला उत्कर्ष 2.0 किससे संबंधित है?**

A. बैंकिंग क्षेत्र

B. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र

C. स्वास्थ्य क्षेत्र

D. रियल एस्टेट सेक्टर

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **उत्कर्ष 2.0** वर्ष 2023- 2025 की अवधि के लिये **भारतीय रिज़र्व बैंक की मध्यम अवधि की रणनीति का ढाँचा है। अतः विकल्प A सही है।**
- वर्ष 2019-2022 की अवधि को कवर करने वाला पहला रणनीति ढाँचा (उत्कर्ष 2022) जुलाई, 2019 में लॉन्च किया गया था।
  - यह चिह्नित की गई उपलब्धियों की प्राप्ति की दिशा में बैंक की प्रगति का मार्गदर्शन करने वाला एक मध्यावधि रणनीति दस्तावेज़ बन गया।

**116. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. 'स्वामित्व' पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित योजना है जो ग्रामीण इलाकों में भूमि पार्सल की मैपिंग के लिये शुरू की गई है।
2. डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
3. भूमि सुधारों का प्रमुख उद्देश्य सभी भूमिहीनों को कृषि भूमि उपलब्ध कराना था।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: (B)**

**व्याख्या:**

- **स्वामित्व पंचायती राज मंत्रालय** की एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है जो **ड्रोन तकनीक** और निरंतर संचालन संदर्भ स्टेशन (CORS) का उपयोग करके **ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में भूमि पार्सल का मानचित्रण करती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा **डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया।** यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे अपने मूल लक्ष्यों को पूरा करने के साथ-साथ कई नई योजनाओं के साथ अपने दायरे का विस्तार करने के लिये वर्ष 2023-24 तक बढ़ा दिया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भूमि सुधारों का प्रमुख उद्देश्य **सभी भूमिहीनों को कृषि भूमि उपलब्ध कराना था।** परिणामस्वरूप नकदी फसल कृषि मुख्य प्रकार की खेती बन गई। **अत: कथन 3 सही है।**

**117. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

1. चांगथी परियोजना को समाज में प्रवासी मज़दूरों द्वारा सामना किये जाने वाले बहिष्करण को उजागर करने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
2. इस परियोजना का उद्देश्य प्रवासी श्रमिकों को मलयालम और हिंदी पढ़ना एवं लिखना सिखाना है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- चांगथी परियोजना को समाज में प्रवासी मज़दूरों द्वारा सामना किये जाने वाले बहिष्करण को उजागर करने हेतु डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस कार्यक्रम को पहली बार 15 अगस्त, 2017 को पेरुम्बवूर, केरल में लॉन्च किया गया था।
- इस परियोजना का उद्देश्य प्रवासी श्रमिकों को मलयालम और हिंदी में पढ़ना एवं लिखना सिखाना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**118. 'बल्क ड्रग पार्क योजना का प्रचार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बल्क ड्रग पार्क योजना का मुख्य उद्देश्य विभिन्न देशों को दवाओं के थोक निर्यात में वृद्धि करना है।
2. यह योजना संबंधित राज्य सरकारों द्वारा स्थापित की जाने वाली राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA) द्वारा कार्यान्वित की जाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सरकार का लक्ष्य चयनित राज्यों के साथ साझेदारी में भारत में **3 मेगा बल्क ड्रग पार्क** को विकसित करना है।
- इस योजना से देश में **दवाओं के थोक उत्पादन लागत के कम होने** और **थोक दवाओं के लिये अन्य देशों पर निर्भरता कम** होने की उम्मीद है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह योजना, संबंधित राज्य सरकारों द्वारा स्थापित की जाने वाली **राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA)** द्वारा कार्यान्वित की जाएगी। **अत: कथन 2 सही है।**

**119. उदारीकृत प्रेषण योजना (LRS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की योजना है।
2. यह योजना निगमों और साझेदारी फर्मों के लिये उपलब्ध नहीं है।
3. इस योजना के तहत विदेशों में विदेशी मुद्रा में व्यापार प्रतिबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. केवल 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**उदारीकृत प्रेषण योजना:**

- **परिचय:**
  - यह **भारतीय रिज़र्व बैंक** की योजना है, जो वर्ष 2004 में शुरू की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस योजना के तहत **नाबालिगों सहित सभी निवासी व्यक्तियों को** किसी भी अनुमत चालू या पूंजी खाता लेनदेन या दोनों के संयोजन के लिये प्रति वित्तीय वर्ष (अप्रैल-मार्च) में 2,50,000 अमेरिकी डॉलर तक मुक्त रूप से विप्रेषित करने की अनुमति है।
- **अयोग्यता:**
  - यह योजना निगमों, साझेदारी फर्मों, **हिंदू अविभाजित परिवार (HUF)**, ट्रस्टों आदि के लिये उपलब्ध नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - हालाँकि LRS केअंतर्गत प्रेषण की आवृत्ति पर कोई प्रतिबंध नहीं है, एक बार वित्तीय वर्ष के दौरान 2,50,000 अमेरिकी डॉलर तक की राशि के लिये प्रेषण किया जाता है उस स्थिति में एक निवासी व्यक्ति इस योजना के अंतर्गत आगे के किसी प्रेषण को करने के लिये पात्र नहीं होगा।
- **प्रेषित धन का उपयोग यहाँ किया जा सकता है:**
  - यात्रा (निजी या व्यवसाय के लिये), चिकित्सा उपचार, अध्ययन, उपहार और दान, निकट संबंधियों की देखभाल आदि से संबंधित व्यय।
  - शेयरों, ऋण उपकरणों में निवेश और विदेशी बाज़ार में अचल संपत्तियों को खरीदना।
  - योजना के अंतर्गत अनुमत लेन-देन करने के लिये व्यक्ति भारत के बाहर बैंकों के साथ विदेशी मुद्रा खाते खोल सकते हैं और उन्हें बनाए रख सकते हैं ।
- **प्रतिबंधित लेन-देन:**
  - अनुसूची-I के अंतर्गत **विशेष रूप से निषिद्ध** कोई भी उद्देश्य (जैसे लॉटरी टिकटों की खरीद, प्रतिबंधित पत्रिकाएँ आदि) या विदेशी मुद्रा प्रबंधन (चालू खाता लेन-देन) नियम, 2000 की अनुसूची II के तहत प्रतिबंधित कोई भी वस्तु शामिल है।
  - विदेश में विदेशी मुद्रा में व्यापार करना। **अत: कथन 3 सही है।**
  - **फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF)** द्वारा समय-समय पर **"गैर-सहयोगी देशों और क्षेत्रों"** के रूप में पहचाने जाने वाले देशों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पूंजीगत खाता प्रेषण करना।
  - प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उन व्यक्तियों और संस्थाओं को विप्रेषण करना जिन्हें रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों को अलग से दी गई सलाह के अनुसार **आतंकवाद के कृत्यों** को महत्त्वपूर्ण जोखिम के रूप में पहचानना है।
- **आवश्यकताएँ:**
  - निवासी व्यक्ति के लिये अधिकृत व्यक्तियों के माध्यम से किये गए LRS के तहत सभी लेन-देन को अपना **स्थायी खाता संख्या (PAN)** प्रदान करना अनिवार्य है।

**120. मिशन LiFE के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. LiFE का विचार 26वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP26) के दौरान पेश किया गया था।
2. यह मिशन व्यक्तियों के वैश्विक नेटवर्क 'प्रो-प्लैनेट पीपल' (P3) को बनाने और पोषित करने की योजना बना रहा है।
3. इस मिशन ने प्रचलित 'यूज़ एंड डिस्पोज़' अर्थव्यवस्था को एक चक्रीय अर्थव्यवस्था के साथ बदलने की कल्पना की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मशिन LiFE:**

- LiFE का विचार 1 नवंबर, 2021 को ग्लासगो में **26वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP26)** के दौरान भारत के प्रधानमंत्री द्वारा पेश किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- LiFE आंदोलन का उद्देश्य सामूहिक कार्यवाही की शक्ति का उपयोग करना और विश्व भर में लोगों को अपने दैनिक जीवन में **सरल जलवायु-अनुकूल कार्य करने के लिये प्रेरित करना** है।
- इस मिशन की योजना **'प्रो-प्लैनेट पीपल' (P3)** नामक व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क बनाने और पोषित करने की है, जिनकी पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को अपनाने और बढ़ावा देने के लिये एक साझा प्रतिबद्धता होगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस मिशन ने चक्रीय अर्थव्यवस्था के साथ प्रचलित **'यूज़-एंड-डिस्पोज़'** अर्थव्यवस्था को बदलने की कल्पना की है जिसमें विचारहीन और हानिकारक उपभोग के बजाय सचेत और सुविचारित उपयोग पर ज़ोर दिया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**121. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने कैच द रेन 2023 अभियान शुरू किया है?**

A. जल शक्ति मंत्रालय
B. ग्रामीण विकास मंत्रालय
C. पंचायती राज मंत्रालय
D. कारपोरेट कार्य मंत्रालय

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जल शक्ति अभियान: कैच द रेन 2023 अभियान**

- हाल ही में राष्ट्रीय जल मिशन (NWM), जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग (DoWR), जल शक्ति मंत्रालय ने जनपथ, नई दिल्ली स्थित **डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में कार्यशाला-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह उन केंद्रीय नोडल अधिकारियों (CNO) और तकनीकी अधिकारियों (TO)** के लिये था, जो '**जल शक्ति अभियान: कैच द रेन'- 2023 (JSA: CTR)** का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिये जल की कमी से जूझ रहे 150 ज़िलों का दौरा करेंगे। **अतः विकल्प A सही है।**
- JSA: CTR - 2023 वर्ष 2019 से शुरू किये गए जल शक्ति अभियान शृंखला की चौथी कड़ी है और इसका उद्देश्य पूरे **भारत के 150 ज़िलों में जल तनाव या 'वाटर स्ट्रेस' (Water Stress) को दूर करना है तथा जल संरक्षण,** जल निकायों के नवीनीकरण, बोर वेल रिचार्ज, वाटरशेड विकास और वनीकरण पर ध्यान केंद्रित करना है।

**122. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. अटल पेंशन योजना (APY) को पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) द्वारा प्रशासित किया गया है।
2. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) को सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों (PSGIC) द्वारा प्रशासित किया जाता है।
3. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) एक वर्ष की दुर्घटना बीमा योजना है जो केवल दुर्घटना के कारण मृत्यु होने पर कवरेज प्रदान करती है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **अटल पेंशन योजना (APY) को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (National Pension System- NPS)** के माध्यम से पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (Pension Fund Regulatory and Development Authority- PFRDA) द्वारा प्रशासित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) का संचालन LIC या किसी अन्य जीवन बीमा कंपनी द्वारा बैंकों/डाकघर की साझेदारी में किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) दुर्घटना के कारण मृत्यु या विकलांगता हेतु एक वर्ष की दुर्घटना बीमा योजना है जो वर्ष-दर-वर्ष नवीकरणीय है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**123. हाल ही में खबरों में रहा एकता एवं श्रद्धांजलि अभियान क्या है?**

A. पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु अभियान
B. शहीदों के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना
C. कोविड महामारी के दौरान जान गँवाने वाले अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्त्ताओं को श्रद्धांजलि देने हेतु अभियान
D. सीमा सड़क संगठन द्वारा अपने कर्मयोगियों के बलिदान और योगदान को याद करने हेतु अभियान

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**एकता एवं श्रद्धांजलि अभियान:**

- इसे 64वें सीमा सड़क संगठन दिवस समारोह के एक भाग के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपने कर्मयोगियों के बलिदान एवं योगदान को याद करने हेतु लॉन्च किया गया है। **अतः विकल्प D सही है।**
- यह मोटरसाइकिल और कारों की टीम के साथ एक बहु-मॉडल अभियान है जो देश के उत्तर-पूर्व और उत्तरी क्षेत्रों में शुरू हुआ।

**124. 'रिवर-सिटीज़ एलायंस (River-Cities Alliance-RCA) वैश्विक संगोष्ठी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RCA जल शक्ति मंत्रालय (MoJS) एवं आवास और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) की एक संयुक्त पहल है।
2. RCA कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी केंद्रीय निगरानी समिति द्वारा केंद्रीय स्तर पर और राज्य स्तर पर राज्य के मुख्य सचिव द्वारा की जा रही है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 'रिवर-सिटीज़ एलायंस (River-Cities Alliance-RCA) जल शक्ति मंत्रालय (MoJS) एवं आवास और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) की एक संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य नदी-शहरों को जोड़ना तथा सतत् नदी केंद्रित विकास पर ध्यान आकृष्ट करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह एलायंस तीन व्यापक विषयों- **नेटवर्किंग, क्षमता निर्माण और तकनीकी सहायता पर केंद्रित है।**
- RCA कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी केंद्रीय निगरानी समिति द्वारा केंद्रीय स्तर पर और राज्य स्तर पर राज्य के मुख्य सचिव द्वारा की जा रही है। **अतः कथन 2 सही है।**

**125. कार्बन ऑफसेटिंग एंड रिडक्शन स्कीम फॉर इंटरनेशनल एविएशन (CORSIA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CORSIA का उद्देश्य कार्बन ऑफसेटिंग, कार्बन क्रेडिट और सतत् विमानन ईंधन सहित अनेक उपायों के संयोजन के माध्यम से वर्ष 2015 के स्तर के शुद्ध $CO_2$ उत्सर्जन को स्थिर करना है।
2. CORSIA केवल एक देश से दूसरे देश जाने वाली उड़ानों पर लागू होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**CORSIA:**

- यह **अंतर्राष्ट्रीय विमानन के कारण होने वाली $CO_2$ उत्सर्जन में वृद्धि** को संबोधित करने के लिये ICAO द्वारा स्थापित एक वैश्विक योजना है।
- **CORSIA का उद्देश्य कार्बन ऑफसेटिंग, कार्बन क्रेडिट और सतत् विमानन ईंधन** सहित अनेक उपायों के संयोजन के माध्यम से वर्ष 2020 के स्तर के शुद्ध $CO_2$ उत्सर्जन को स्थिर करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **ICAO सदस्य राज्यों की विशेष परिस्थितियों और संबंधित क्षमताओं का सम्मान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय विमानन क्षेत्र में उत्सर्जन,** बाज़ार विकृति को कम करने के लिये एक सुसंगत तरीका प्रदान करता है।
- $CO_2$ उत्सर्जन को संतुलित करने के लिये CORSIA पहले के उपायों के पूरक के रूप में कार्य करता है जिसे प्रौद्योगिकी प्रगति, परिचालन सुधार और कार्बन बाज़ार उत्सर्जन इकाइयों के साथ स्थायी विमानन ईंधन के उपयोग से कम नहीं किया जा सकता है।
- CORSIA **केवल एक देश से दूसरे देश जाने वाली उड़ानों पर लागू होता है। अतः कथन 2 सही है।**

**126. 'परिवहन और विपणन सहायता योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का उद्देश्य निर्यात के लिये परिवहन की उच्च लागत के नुकसान को कम करने हेतु कृषि उपज और विपणन के अंतर्राष्ट्रीय घटक के लिये सहायता प्रदान करना है।
2. इस योजना के तहत सरकार कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिये माल ढुलाई शुल्क के पूरे हिस्से की प्रतिपूर्ति करती है।
3. यह योजना केवल निर्दिष्ट उत्पादों पर लागू होती है और टिकाऊ न होने के कारण डेयरी उत्पादों को इसमें शामिल नहीं किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**परिवहन और विपणन सहायता योजना:**

- यह **माल ढुलाई और कृषि उपज के विपणन के अंतर्राष्ट्रीय घटक के लिये सहायता प्रदान** करती है जिससे **ट्रांस-शिपमेंट के कारण निर्दिष्ट कृषि उत्पादों के निर्यात की उच्च परिवहन लागत से होने वाले नुकसान को कम किये जाने की** संभावना है। यह निर्दिष्ट विदेशी बाज़ारों में भारतीय कृषि उत्पादों के लिये ब्रांड पहचान को भी बढ़ावा देती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस योजना के तहत सरकार माल ढुलाई के **एक निश्चित हिस्से की प्रतिपूर्ति करती है** और कृषि उपज के विपणन के लिये सहायता प्रदान करती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - अनुमत राष्ट्रों को पात्र कृषि उत्पादों के निर्यात के लिये जैसा कि समय-समय पर निर्धारित किया जाता है, निर्दिष्ट दरों पर सहायता प्रदान की जाएगी।
- **संशोधित योजना में दुग्ध उत्पादों सहित अन्य कृषि उत्पादों को इसके दायरे में शामिल** किया गया है और **सहायता की दरों में वृद्धि की** गई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**127. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. "पोषण भी, पढाई भी", केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत एक प्रमुख कार्यक्रम है।
2. आँगनवाड़ी कर्मियों को राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (NIPCCD) द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने सरकार के प्रमुख कार्यक्रम **'पोषण भी, पढ़ाई भी'** की शुरुआत की, जो देश भर के आँगनवाड़ियों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ECCE) पर केंद्रित होगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (NIPCCD) 'पोषण भी, पढाई भी' कार्यक्रम के तहत आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**128. हाल ही में शुरू की गई उड़ान 5.0 योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें यान की उड़ान के आरंभ और गंतव्य के बीच की दूरी पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।
2. इसके तहत एयरलाइंस द्वारा प्रस्तावित नेटवर्क और इंडिविजुअल रूट पर ही विचार किया जाएगा।
3. इसके तहत एयरलाइंस को रूटआवंटित किये जाने के 3 महीने के अंदर परिचालन शुरू करना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**UDAN 5.0:**

- इसमें यान की उड़ान के आरंभ और गंतव्य के बीच की दूरी पर कोई प्रतिबंध नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रदान किये जाने वाले VGF को प्राथमिकता और गैर-प्राथमिकता वाले दोनों क्षेत्रों के लिये 600 किमी. की दूरी तक निर्धारित किया जाएगा; पहले यह दूरी 500 किमी. थी।
- इसमें कोई पूर्व निर्धारित मार्ग निर्धारण नहीं किया जाएगा; एयरलाइंस द्वारा प्रस्तावित केवल नेटवर्क और इंडिविजुअल रूट पर विचार किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- एक ही मार्ग को एक ही एयरलाइन को एक से अधिक बार नहीं दिया जाएगा, चाहे वह अलग-अलग नेटवर्क में हो या एक ही नेटवर्क में।
- एयरलाइनों को मार्ग आवंटित किये जाने के 4 महीने के भीतर परिचालन शुरू करना होगा; पहले यह समयसीमा 6 महीने थी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**129. स्टैंड-अप इंडिया योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्टैंड-अप इंडिया योजना उन सभी उद्यमियों को ऋण प्रदान करती है, जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है।
2. योजना के अंतर्गत ऋण केवल ब्राउनफील्ड परियोजनाओं के लिये उपलब्ध हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत ऋण के लिये पात्रता:** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और/या महिला उद्यमी, जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है, ऋणकर्त्ता प्राप्तकर्त्ता किसी भी बैंक/वित्तीय संस्थान का डिफाल्टर नहीं होना चाहिये तथा उसने इसी तरह की परियोजना हेतु कोई अन्य ऋण नहीं लिया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- योजना के तहत **ऋण केवल ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के लिये उपलब्ध** हैं।
    - 'ग्रीनफील्ड परियोजना' का तात्पर्य ऐसी परियोजना से है, जिसमें किसी पूर्व कार्य/परियोजना का अनुसरण नहीं किया जाता है। अवसंरचना में अप्रयुक्त भूमि पर तैयार की जाने वाली परियोजनाएँ जिनमें मौजूदा संरचना को फिर से तैयार करने या ध्वस्त करने की आवश्यकता नहीं होती है, उन्हें 'ग्रीन फील्ड परियोजना' कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**130. भारत सरकार द्वारा शुरू की गई निम्नलिखित में से किन परियोजनाओं को विश्व बैंक ने समर्थन दिया है ?**

1. भारत ऊर्जा दक्षता स्केल-अप कार्यक्रम
2. ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर प्रोजेक्ट
3. समावेशन हेतु भारत में नवाचार

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार ने देश में आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिये विभिन्न पहलें और परियोजनाएँ शुरू की हैं। **इनमें से कुछ परियोजनाओं को विश्व बैंक जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से समर्थन प्राप्त हुआ है।**
  - **भारत ऊर्जा दक्षता स्केल-अप कार्यक्रम:** भारत हेतु ऊर्जा दक्षता स्केल-अप कार्यक्रम के विकास का उद्देश्य आवासीय और सार्वजनिक क्षेत्रों में ऊर्जा बचत को बढ़ाना, ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (Energy Efficiency Services Limited- EESL) की संस्थागत क्षमता को मज़बूत करना एवं वाणिज्यिक वित्तपोषण तक इसकी पहुँच बढ़ाना है।
  - **ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर प्रोजेक्ट:** भारत सरकार और विश्व बैंक ने भारत के उत्तर और पूर्वी हिस्सों के बीच कच्चे माल एवं तैयार माल की तेज़ तथा अधिक कुशल आवाज़ाही हेतु 650 मिलियन अमेरिकी डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। **यह विश्व बैंक द्वारा समर्थित है।**
  - **समावेशन हेतु भारत में नवाचार:** समावेशन हेतु भारत में नवाचार के विकास का उद्देश्य बायोफार्मास्यूटिकल उत्पादों एवं चिकित्सा उपकरणों में नवाचार की सुविधा प्रदान करना है जो भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं को संबोधित करते हैं।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**131. हाल ही में भारत ने एशिया ऊर्जा संक्रमण पहल (AETI) के साथ सहयोग किया है। निम्नलिखित में से किस देश ने यह पहल की है?**

A. चीन
B. अमेरिका
C. जर्मनी
D. जापान

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जापान की एशिया ऊर्जा संक्रमण पहल (AETI):**

- **एशिया एनर्जी ट्रांज़िशन इनिशिएटिव** (Asia Energy Transition Initiative- AETI) में भारत को शामिल कर जापान द्वारा भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण का समर्थन किये जाने की उम्मीद है। **अत: विकल्प D सही है।**
- वर्ष 2021 में लॉन्च किया गया **जापान का AETI, नवीकरणीय ऊर्जा** हेतु 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता सहित **शुद्ध शून्य उत्सर्जन** प्राप्त करने की दिशा में **दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ASEAN)** देशों का शुरू में समर्थन करता है।
- जापान सरकार ने "एशिया एनर्जी ट्रांज़िशन इनिशिएटिव (AETI)" की घोषणा की है, जिसमें एशिया में ऊर्जा परिवर्तन को साकार करने के लिये विभिन्न प्रकार के समर्थन शामिल हैं।
  - ऊर्जा संक्रमण हेतु रोडमैप तैयार करने में सहायता।
  - संक्रमण के एशियाई संस्करण का वित्तीयन।
  - 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता।
    - नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, LNG आदि के लिये।
  - प्रौद्योगिकी विकास एवं परिनियोजन, 2 ट्रिलियन येन फंड की उपलब्धता का उपयोग।
    - अपतटीय पवन ऊर्जा उत्पादन, ईंधन-अमोनिया, हाइड्रोजन आदि के लिये।
  - डीकार्बोनाइज़ेशन प्रौद्योगिकियों में क्षमता निर्माण और एशिया CCUS नेटवर्क के माध्यम से ज्ञान साझाकरण।
    - एशियाई देशों में 1,000 लोगों के लिये डीकार्बोनाइज़ेशन तकनीकों में क्षमता निर्माण।
    - ऊर्जा संक्रमण पर कार्यशालाएँ और सेमिनार।

**132. विशिष्ट संस्थान योजना (IoE ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों को सशक्त बनाना और उन्हें विश्व स्तरीय शिक्षण प्रणालियों को लागू करने में मदद करना है।
2. अब तक देश के 50 प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को विशिष्ट संस्थान का दर्जा मिल चुका है।
3. IOE टैग फीस, पाठ्यक्रम अवधि और प्रशासन संरचनाओं को तय करने के लिये अधिक स्वायत्तता एवं स्वतंत्रता प्रदान करेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- केंद्र सरकार ने **देश में 20 प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान स्थापित करने हेतु IoE योजना** शुरू की है।
- **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission- UGC)** ने वर्ष 2017 में अनिवार्य किया कि **IoE योजना अधिसूचना के पाँच वर्ष के भीतर मान्यता प्राप्त कर ले।**

- भारत में **उच्च शिक्षा संस्थानों को सशक्त बनाने** और उन्हें **उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक किफायती पहुँच प्रदान करने** के लिये **विश्व स्तरीय शिक्षण प्रणालियों को लागू करने में मदद के लिये 'विशिष्ट संस्थान' का दर्जा देना शुरू किया गया था। अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें **20 संस्थानों ( 10 सार्वजनिक और 10 निजी संस्थानों ) ने अनुदान प्राप्त किया** तथा **चयनित संस्थानों में से 11 को अप्रैल 2021 में प्रतिष्ठित संस्थानों का दर्जा** प्राप्त हुआ। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **IoE टैग वाले संस्थानों को फीस, पाठ्यक्रम अवधि और शासन संरचनाओं को तय करने के लिये** अधिक स्वायत्तता एवं स्वतंत्रता प्रदान की जाएगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**133. मासिक धर्म स्वच्छता योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू है।
2. इसके तहत भारत में सभी किशोर लड़कियों को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन प्रदान किया जाएगा।
3. इसका उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देना और किशोर लड़कियों को विद्यालय जाने हेतु प्रोत्साहित कर उनकी अनुपस्थिति को कम करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **मासिक धर्म स्वच्छता योजना:**
  - वर्तमान में **26 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों ने मासिक धर्म स्वच्छता योजना को या तो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ( National Health Mission- NHM ) बजट या NHM एवं राज्य के संयुक्त बजट के साथ लागू** किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - **"स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली" ( Health Management Information System- HMIS ) के आँकड़ों के अनुसार**, वर्ष 2021-22 में लगभग 3.49 मिलियन किशोरियों को हर महीने सैनिटरी नैपकिन पैक प्रदान किये गए। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इस योजना का उद्देश्य किशोरियों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देना और मासिक धर्म के कारण विद्यालय में अनुपस्थिति को कम करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**134. नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सतत् शिक्षा योजना के घटकों में से एक है।
2. इसका लक्ष्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के 5 करोड़ निरक्षरों को शामिल करना है।
3. यह योजना मुख्य रूप से शिक्षण और सीखने हेतु स्वयंसेवा पर आधारित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक पाँच वर्षों के दौरान कार्यान्वयन हेतु 103790 करोड़ रूपए के वित्तीय परिव्यय के साथ एक नई केंद्रीय प्रायोजित योजना अर्थात् नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (New India Literacy Programme" -NILP) शुरू की है, जिसमें से 70000 करोड़ रूपए केंद्र का हिस्सा है एवं 33790 करोड़ रूपए राज्य का हिस्सा है।
- इस योजना का लक्ष्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के 5.00 करोड़ निरक्षरों को शामिल करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- योजना के पाँच घटक हैं: (i) मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान, (ii) महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल (iii) व्यावसायिक कौशल विकास (iv) बुनियादी शिक्षा और (v) सतत् शिक्षा। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह योजना मुख्य रूप से शिक्षण और सीखने हेतु स्वयंसेवा पर आधारित है। **अतः कथन 3 सही है।**